10 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 321

पीएम मोदी ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश का हवाई सर्वे किया, बाढ़ पीड़ितों से मिले



# जलता नेपाल: पीएम ओली भागे, पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया

- पूर्व पीएम देउबा और वित्त मंत्री को घर में घुस कर पीटा
- संसद-राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट और मंत्रियों के घर फूंके
- राष्ट्रपति ने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार दूसरे दिन हिंसक घटनाएं जारी रहीं। राजधानी की सड़कों पर युवा प्रदर्शनकारियों का हुजूम उमड़ा हुआ है। बेकाबू होती स्थिति के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया और उनके सेना के हेलिकॉप्टर से देश से भागने की खबर है। इसके तुरंत बाद खबर आयी कि राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी इस्तीफा दे दिया है, लेकिन यह खबर सही नहीं थी। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है। राजधानी काठमांडू में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं और सुरक्षा बल हालात को काबू में लाने में नाकाम दिख रहे हैं। देश में हिंसक प्रदर्शनों ने हालात को और बिगाड़ दिया है। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम झलनाथ खनाल के घर में आग लगा दी। घर में उनकी पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार थीं। वह गंभीर रूप से जल गयीं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में हुई झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि चार सौ से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन में आग लगा दी और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और गृह मंत्री के निजी आवासों पर भी हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। गुस्साये युवाओं ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुस कर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है।

**सेना प्रमुख की चेतावनी के बाद ओली ने पद छोड़ा :** नेपाली सेना प्रमुख की चेतावनी के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नेपाल के 10 से ज्यादा मंत्रियों ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। नेपाल के संचार, सूचना और प्रसारण मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने देर रात घोषणा की कि सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगान का फैसला वापस ले लिया गया है।



नेपाल संसद भवन आग के हवाले

## भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

इस बीच भारत सरकार ने नेपाल में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने कहा कि भारतीय नागरिक हालात सुधरने तक नेपाल की यात्रा से बचें। नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे सुरक्षित स्थान पर रहें और सड़क पर जाने से बचें। हर तरह की सावधानी बरतें। भारत-नेपाल सीमा पर हाइ अलर्ट घोषित कर दिया गया है। यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल सीमा पर अलर्ट घोषित किया गया है। इस बीच भारत से नेपाल जाने वाली उड़ानों को अब लखनऊ के लिए डायवर्ट किया गया है। काठमांडू एयरपोर्ट पर हवाई सेवा को रोक दिया गया है।

## नेपाली राष्ट्रपति को सेना ने सुरक्षित निकाला

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को नेपाली सेना ने सुरक्षित निकाल लिया है। नेपाल के राष्ट्रपति को शिवपुरी ले जाया गया है, जहां सेना का ट्रेनिंग सेंटर है। इससे पहले नेपाली सेना ने केपी ओली को भी हेलिकॉप्टर से निकाला था। नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति और पीएम ओली के घर को जला दिया था।

# सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उप राष्ट्रपति होंगे

संयुक्त विपक्ष के प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन देश के 15वें उप राष्ट्रपति होंगे। मंगलवार को हुए चुनाव में उन्होंने संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों से हरा दिया। राधाकृष्णन को 452 मत मिले, जबकि विपक्ष के प्रत्याशी को 300 वोट मिले। राज्यसभा महासचिव पीसी मोदी ने देर शाम करीब साढ़े सात बजे मतगणना के बाद डॉ राधाकृष्णन के विजयी होने की घोषणा की। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ, जिसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के बीच सीधा मुकाबला हुआ। सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक चला। शाम छह बजे मतगणना हुई और डेढ़ घंटे बाद परिणाम घोषित किया गया।

**ये दल रहे चुनाव से दूर :** उप राष्ट्रपति चुनाव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बीजू जनता दल (बीजद) के अलावा शिरोमणि अकाली दल ने बाहर रहने का फैसला किया था। अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के सांसद सरबजीत सिंह खालसा और अमृतपाल सिंह ने उप राष्ट्रपति चुनाव के बहिष्कार करने का एलान किया था। खडूर साहिब लोकसभा सीट से सांसद अमृतपाल सिंह असम की डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल में बंद है। दरअसल यह चुनाव सरकार की मजबूती, संघ और भाजपा के बीच में आपसी तालमेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की लोगों पर पकड़ का पैमाना था। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए 782 मत पड़ने थे। इनमें से 752 मत पड़े। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई को अचानक इस्तीफा दे देने के कारण यह चुनाव कराया गया।

## झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं डॉ राधाकृष्णन

चार मई, 1957 को जन्मे डॉ राधाकृष्णन अभी महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। उन्होंने 31 जुलाई 2024 को यह पद संभाला था। इससे पहले उन्हें 18 फरवरी 2023 को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था। डॉ राधाकृष्णन दो बार सांसद और तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## राधाकृष्णन नाम वाले दूसरे उप राष्ट्रपति

डॉ सीपी राधाकृष्णन ऐसे दूसरे उप राष्ट्रपति होंगे, जिनका उपनाम राधाकृष्णन है। उनसे पहले देश के पहले उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे, जो बाद में राष्ट्रपति भी बने।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मंदिरों की नगरी इचाक : यहां हैं 100 से अधिक मंदिर और तालाब


## ■ सरकार पहल करे तो भव्य पर्यटक स्थल बन सकता है इचाक

आजाद सिपाही खास











दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला मुख्यालय से लगभग 13 किलोमीटर दूरी पर स्थित इचाक प्रखंड क्षेत्र में 3 किलोमीटर क्षेत्र में 100 से अधिक प्राचीन मंदिर और दर्जनों ऐतिहासिक तालाब हैं। यह दुमका के मलूटी से कम नहीं। अगर पर्यटन विभाग नजरे इनायत करे तो इचाक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। इचाक क्षेत्र रामगढ़ राजाओं की राजधानी के रूप में प्रसिद्ध रहा है। यही कारण है कि परासी, कुटुमसुकरी, पुराना इचाक, छावनी जैसे इलाकों में तालाब, मंदिर और बाग-बगीचों की भरमार है, जो इस क्षेत्र की सुंदरता को चार चांद लगाते हैं। मंदिरों की अधिकता के कारण इस क्षेत्र को मंदिरों की नगरी भी कहा जाता है। यहां के मंदिर, तालाब और बाग-बगीचे ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में जाने जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में इन धरोहरों की समुचित देखभाल एवं रखरखाव नहीं होने से इनकी स्थिति जर्जर होती जा रही है। सिंह दरवाजा, बंशीधर मंदिर, भैरवनाथ मंदिर, लक्ष्मी नारायण बड़ा अखाड़ा, श्रीराम जानकी छोटा अखाड़ा, बुढ़िया माता मंदिर, बनसटांड़ मंदिर, सूर्य मंदिर समेत कई ऐसे मंदिर हैं जो राजा के समय से स्थापित हैं। अगर पर्यटन विभाग पहल करे तो आज सभी मंदिर और मठ की स्थिति बदल सकती है। बड़ा अखाड़ा और छोटा अखाड़ा तो अब खंडहर का रूप लेते जा रहा है। इन मंदिरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए ग्रामीण और क्षेत्र के समाजसेवी व जनप्रतिनिधि प्रयासरत हैं।

### इचाक की ऐतिहासिक धरोहरों की स्थिति

इचाक को मंदिरों की नगरी कहा जाता है। कभी रामगढ़ राज परिवार की राजधानी इचाक हुआ करती थी। संत-महर्षियों के विश्राम के लिए मठ हुआ करते थे, अब सभी मठ और मंदिर जर्जर हो गये हैं, इसलिए इनका पुनरुद्धार जरूरी है।

### बड़ा अखाड़ा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत

परासी पंचायत का बड़ा अखाड़ा देखरेख के अभाव में जर्जर होते जा रहा है, जबकि इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की कोशिश जारी है। इसको लेकर कई बार आवेदन दिये गये हैं, लेकिन अभी तक सरकार या पर्यटन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाये हैं।

### प्रसिद्ध है छोटा अखाड़ा

इचाक का छोटा अखाड़ा जिसे श्री राम जानकी मंदिर भी कहते हैं, लगभग 250-300 साल पुराना है।

आज छोटा अखाड़ा के मरम्मत की जरूरत है। चाहे मुख्य दरवाजा हो या चहारदिवारी, या फिर मंदिर सभी के मरम्मत की जरूरत है।

### बाबाधाम की तर्ज पर बना है भगवती मठ मंदिर

भगवती मठ मंदिर बाबाधाम की तर्ज पर बना है। यह परासी गांव में स्थित है। एक साथ तीन मंदिरों की श्रृंखला है। देवघर की तरह दो मंदिर आमाने सामने जबकि एक मंदिर बगल में स्थित है।

### सूर्यमंदिर का भी अपना है इतिहास

मंदिरों, तालाबों की नगरी इचाक में कई ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर हैं। जिसमें सूर्य मंदिर का इतिहास लोक आस्था से जुड़ा हुआ है।

वर्ष 1772 में सूर्य मंदिर का निर्माण कराया गया था। मंदिर के सामने बड़ा तालाब है। कहा जाता है कि पूर्व में राजघराने से आने वाले इसी तालाब में स्नान के बाद सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करते थे।

### बुढ़िया माता मंदिर जहां निराकार रूप की होती है पूजा

इचाक प्रखंड के कुटुम सुकरी में एक अनोखा मंदिर है, बुढ़िया माता मंदिर, जहां माता के निराकार रूप की पूजा की जाती है। इस मंदिर की सबसे खास बात यह है कि यहां एक मिट्टी की दीवार पर देवी मां की आकृतियां उभरी हुई हैं, जिन पर सिंदूर लगाकर पूजा की जाती है। मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, 1668 में फैली हैजा महामारी के दौरान एक बुढ़िया माता ने महामारी को दूर भगाने के लिए मिट्टी दी थी, और बाद में वे स्वयं गायब हो गयीं, जिससे यह स्थान आस्था का केंद्र बन गया।

### बंशीधर मंदिर : यहां रात में सुनाई पड़ती थी बांसुरी की धुन

रामगढ़ राज घराने से इस मंदिर का तालुका है। जन्माष्टमी के दिन यहां विशेष पूजा अर्चना की जाती है। यहां जन्माष्टमी की रात 12 बजे बांसुरी की सुरीली धुन सुनाई पड़ती थी। ऐतिहासिक मंदिर को रखरखाव की जरूरत है।

### संरक्षण और विकास की आवश्यकता

इचाक में आज भी दर्जनों अद्भुत शिल्पकला और भव्यता वाले मंदिर और मठ मौजूद हैं, जो अपनी भव्यता की झलक देते हैं। उन्हें संरक्षित कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की अपार क्षमता है। इचाक की ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार से कई बार गुहार लगायी गयी है, पर अभी तक राज्य सरकार ने इस दिशा में विशेष ध्यान नहीं दिया है, इसे संरक्षित करने से न केवल स्थानीय संस्कृति को बचाया जा सकेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# 20 सितंबर के बाद तय होगा इस्पात कर्मियों को कितना मिलेगा बोनस



दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा के पहले इस्पात कर्मियों को प्रायः बोनस का बेसब्री से इंतजार रहता है। बीएसएल को वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए मुनाफे के बाद कर्मचारियों में उम्मीद जगी है कि इस बार उन्हें सम्मानजनक बोनस मिलेगा। हालांकि आगामी 20 सितंबर को नयी दिल्ली में एनजेसीएस की होने वाली बैठक के बाद ही यह सुनिश्चित हो पायेगा कि उन्हें वस्तुतः कितनी बोनस राशि मिल पायेगी। सूत्र बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023 -24 में बीएसएल (सेल) का नेट प्रॉफिट तकरीबन 1011 करोड़ रहा। जबकि पिछला वित्तीय वर्ष 2024 -25 में यह प्रॉफिट लगभग 1180 करोड़ तक पहुंच गया। इससे इस्पात कर्मियों में इस बार बोनस राशि में इजाफा होने की उम्मीद जगी है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उन्हें 40 से 50 हजार रुपये बोनस के रूप में मिलेंगे। जबकि सूत्र बताते हैं इस बार भी प्रति कर्मचारी 30 से 32000 के बीच ही बोनस राशि खाते में आयेंगे। हालांकि, एनजेसीएस की मीटिंग में इस बार कुछ खोज ठोस सहमति के आसार भी दिख रहे हैं। श्रमिक संगठनों के दावों की माने तो 20 सितंबर के एनजेसीएस की मीटिंग में इस्पात कर्मियों के बोनस के मुद्दे को प्रखरता से उठाया जायेगा और सम्मानजनक राशि देने की बात की जायेगी।

### बोनस पर सेल प्रबंधन श्रमिक संगठनों की बात सुने : साधु शरण गोप



जनता मजदूर सभा के महासचिव साधु शरण गोप ने बोनस की बाबत बताया कि विगत कुछ वर्षों से सेल प्रबंधन श्रमिक संगठनों की नहीं सुन रहा। प्रबंधन और मजदूर यूनियन नेता बोनस की राशि को एपीएलआरएस के तहत मिलने वाली राशि कहते हैं, लेकिन बातचीत की भाषा में इसे आज भी बोनस ही कहा जाता है। गोप ने कहा कि एनजेसीएस की बैठक तो होती हैं, लेकिन सिर्फ कोरम पूरा करने के लिए ही। बैठक में बोनस पर कमेटी में बैठने वाले एटक, इंटक, सीटू, एचएमएस, बीएमसी आदि श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि बोनस आधारित प्रस्ताव में बड़ी बोनस राशि की डिमांड तो करते हैं। लेकिन प्रबंधन अपने मुताबिक ही राशि तय कर उसे कर्मचारियों के खाते में डाल दे रहा है। यही सच्चाई है।

### दुर्गा पूजा पर प्रतिवर्ष कब कितना बोनस मिला इस्पात मजदूरों को

| | | |
|---|---|---|
| 2008---16000 | 2014---18040 | 2020---16500 |
| 2009---15680 | 2015---9000 | 2021---21000 |
| 2010---18040 | 2016---10000 | 2022---40500 |
| 2011---18040 | 2017---11000 | 2023---27000 |
| 2012---18040 | 2018---13000 | 2024---23500 |
| 2013---18040 | 2019---15500 | |

### ठेका श्रमिक को भी मिले बोनस : कृष्णा राय



बीएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह उद्योग प्रभारी कृष्णा राय ने बोनस की बाबत बताया कि आगामी 20 सितंबर को नयी दिल्ली में एनजेसीएस की होने वाली बैठक में ही तय हो पायेगा कि इस्पात कर्मियों को बोनस कितना मिलेगा। हालांकि, इस बार पहले से तय फार्मूले के अलावे नये सिरे से भी एक अलग फार्मूले पर सहमति बनाने की कोशिश होगी। उन्होंने कहा कि बीएसएल में इस्पात कर्मियों की संख्या घट रही है। उनकी जगह कुशल और गैर कुशल ठेका श्रमिक ले रहे हैं और प्लांट के उत्पादन में सहभागिता दे रहे हैं। ऐसे में बोनस का हक उन्हें भी दिया जाना चाहिए जिससे उनका मनोबल बढ़े। ताकि,उत्पादन में वह पूरे मनोवेग से अपना योगदान दे सकें।

### सम्मानजनक बोनस की मांग प्रमुखता से रखी जायेगी: राजेंद्र सिंह



किम्स के महामंत्री राजेंद्र सिंह ने कहा है कि इस बात कर्मियों में बोनस की राशि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है आगामी 20 सितंबर को नयी दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद ही बोनस में मिलने वाली राशि की स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। उन्होंने कहा कि पिछले अनुभव यह बताते हैं की सेल प्रबंधन से बोनस को लेकर सभी बिंदुओं पर चर्चा तो होती अवश्य है, लेकिन कुछ मामलों में सहमति नहीं बन पाती। लेकिन इस बार प्रबंधन पर पूरा दबाव बनाया जायेगा कि बोनस की जो भी राशि दी जाये वह सम्मानजनक हो। जिससे वह पूरे उत्साह एवं ऊर्जा से उत्पादन में अपनी सहभागिता निभायें। उन्होंने कहा कि पहले से तय फार्मूले के अलावा कुछ नये फार्मूले पर भी इस बार बैठक में विचार मंथन किया जायेगा और सहमति बनाने की प्रयास होगा। बोनस की बाबत पूछे जाने पर इस्पातकर्मी मिथलेश कुमार योगेश्वर ने बताया कि बोनस इस्पातकर्मियों के लिए एक प्रोत्साहन राशि है। इस्पात कर्मियों को सम्मानजनक बोनस मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा। सेल का प्रॉफिट उत्साहजनक है। अतएव बोनस कम से कम पचास हजार तो मिलना ही चाहिए।

# अवैध खनन पर लगाम लगाये प्रशासन नहीं तो होगा आंदोलन : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद सर्किट हाउस (परिसदन) में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। बाबूलाल मरांडी कतरास क्षेत्र में हुए भू धंसान का जायजा लेने धनबाद पहुंचे थे। प्रेस वार्ता में बाबूलाल मरांडी ने रामकनाली खदान हादसे पर गंभीर सवाल उठाये। मरांडी ने कोयला माफियाओं और जिला प्रशासन की मिलीभगत पर आरोप लगाये और चेतावनी दी कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो आने वाले समय में भाजपा आंदोलन करेगी। इस दौरान उन्होंने रामकनाली खदान हादसे में मारे गये सात लोगों की मौत को प्राकृतिक आपदा मानने से इनकार किया और इसे पूरी तरह कृत्रिम आपदा करार दिया।

मरांडी ने कहा कि धनबाद जिले में आये दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता की जिंदगी को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यह कहना अब मुश्किल हो गया है कि कोयला माफियाओं को जिम्मेदार ठहराया जाये या जिला प्रशासन को, क्योंकि दोनों की मिलीभगत से यहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयले की लूट हो रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों से बातचीत में उन्हें पता चला कि रोजाना 500 से लेकर 1000 तक ट्रक अवैध कोयला धड़ल्ले से बाहर भेजे जाते हैं। वहीं, हाइवा ट्रकों से भी अवैध वसूली की जाती है। मरांडी ने आरोप लगाया कि कोयला माफिया अवैध खनन से होने वाली कमाई का 20 से 50 लाख रुपये तक की बंदरबांट करते हैं और कोयला बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं।

रामकनाली हादसे को लेकर मरांडी ने कहा कि जिस क्षेत्र में सात लोगों की मौत हुई है, वहां करीब 50 घरों में रहने वाले लोग लगातार जोखिम में जी रहे हैं। सरकार और जिला प्रशासन को तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करना चाहिए।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से भाजपा झारखंड प्रदेश के मंत्री सरोज सिंह, महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, रमेश राही, जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, राजकुमार अग्रवाल, मानस प्रसून, बीरेंद्र हांसदा, अजय निषाद मोहन कुंभकार, योगेंद्र यादव, गीता सिंह, जिला मीडिया सह प्रभारी पंकज सिन्हा, सत्येंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

10 सितंबर, 2025
आश्विन, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 321

www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 लोगों की मौत

# झारखंड का 'टीबी कैपिटल' बनता जा रहा है गोला

**आजाद सिपाही खास**

- हर महीने मिल रहे हैं 20 से 30 मरीज, पांच साल में 840, फिलहाल 200 एक्टिव मरीज
- डॉक्टरों के अनुसार, एक मरीज 10 लोगों को संक्रमित कर सकता है
- धूल और धुएं के कारण लगातार बढ़ रहा है टीबी पीड़ितों का आंकड़ा

**अंजनी कुमार**

**गोला (आजाद सिपाही)।** हरी सब्जियों और कृषि उत्पादों के लिए चर्चित रामगढ़ का गोला इलाका इन दिनों झारखंड का 'टीबी कैपिटल' बनता जा रहा है। प्रदूषण. धूल और धुएं के कारण इस इलाके के लोग टीबी यानी यक्ष्मा रोग से पीड़ित हो रहे हैं। हालत यह है कि पिछले पांच साल में टीबी मरीजों की संख्या 840 तक पहुंच गयी है। हर महीने 20 से 30 लोग इस संक्रामक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इस इलाके में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है।



**घटने की बजाय बढ़ रहे हैं मरीज :** गोला में टीबी कितनी तेजी से फैल रहा है, इसका प्रमाण यही है कि यहां मरीजों की संख्या घटने की बजाय लगातार बढ़ रही है। अभी यहां दो सौ से अधिक टीबी मरीज हैं। पिछले पांच साल के दौरान यहां टीबी के 840 मरीज मिले हैं। इस वर्ष जनवरी से नौ सितंबर तक कुल 163 मरीज मिल चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2020 में 99, 2021 में 109, 2022 में 125, 2023 में 143 और 2024 में 201 टीबी मरीज मिले थे। यहां हर महीने 80 से एक सौ लोगों की जांच की जा रही है। इनमें से 20 से 30 लोग टीबी से ग्रस्त पाये जाते हैं।

### यक्ष्मा विभाग पर है इलाज की जिम्मेदारी

इन मरीजों के इलाज की जिम्मेदारी यक्ष्मा विभाग पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में टीबी मरीजों के लिए ना तो कोई अलग वार्ड है और ना ही कोई विशेषज्ञ चिकित्सक। टीबी मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड की जरूरत होती है। यदि टीबी मरीजों की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाती है, तो उन्हें सदर अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया जाता है।

### जहां-तहां थूकने और खांसने से फैलती है बीमारी: डॉ स्वराज

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने बताया कि टीबी संक्रमण से बचाव को लेकर समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। साथ ही लोगों को इस बीमारी को लेकर सावधान भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया की टीबी एक संक्रामक बीमारी है। यह बीमारी छूने से नहीं, बल्कि टीबी मरीजों द्वारा जहां-तहां थूकने और खांसने से फैलती है। उन्होंने बताया कि एक टीबी मरीज 10 लोगों को रोगी बना सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है, लेकिन इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकता है।

### गोला में कैसे फैल रहा है टीबी

गोला कभी कृषि क्षेत्र के रूप में विख्यात था। कहा जाता है कि यहां की मिट्टी में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व हैं, लेकिन इस क्षेत्र में संचालित कारखानों ने उपजाऊ भूमि को प्रभावित कर दिया है। इतना ही नहीं, वातावरण को सांस लेने लायक तक नहीं छोड़ा है। प्रदूषण से वातावरण विषैला हो गया है। कारखानों से निकलनेवाली धूल और धुएं से टीबी मरीजों की संख्या बढ़ी है। कारखानों के आसपास रहने वाले लोग इसमें ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

**आजाद सिपाही की खबर का असर**

# मादा जिराफ मिष्टी की मौत की जांच के आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने ओरमांझी स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में मादा जिराफ मिष्टी की मौत की जांच का आदेश दिया है। वन विभाग के संयुक्त सचिव ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी एवं वन्य प्राणी प्रतिपालक) परितोष उपाध्याय को एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट देने को कहा है। बता दें कि 'आजाद सिपाही' ने सोमवार 08 सितंबर को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

**क्या है आदेश में :** आदेश में कहा गया है कि 3 सितंबर को भगवान बिरसा जैविक उद्यान में मादा जिराफ की मौत हो गयी थी। इससे संबंधित खबर मीडिया में प्रकाशित हुई। यह अत्यंत ही गंभीर मामला है। मादा जिराफ की मौत किस परिस्थिति में हुई, इसकी जांच कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट दें।




**निदेशक के मित्र हैं जांच अधिकारी :** इस मामले में खास बात यह है कि जांच अधिकारी परितोष उपाध्याय और जैविक उद्यान के प्रभारी निदेशक जब्बर सिंह करीबी मित्र हैं। इसलिए जिराफ की मौत की जांच को अभी से ही संदेह की नजर से देखा जाने लगा है। वन्य प्राणियों की देखभाल का जायजा लेने के लिए सिंगापुर की यात्रा करने वाले अधिकारियों के दल में भी ये दोनों अधिकारी शामिल थे। जिराफ की मौत के बाद उद्यान के अधिकारियों की भूमिका पर कई गंभीर सवाल उठाये गये हैं।

### 8 अगस्त को लाया गया, 3 सितंबर को मौत

मिष्टी नामक मादा जिराफ को 8 अगस्त के बंगाल से भगवान बिरसा जैविक उद्यान में लाया गया था। क्वारेंटाइन के नियमों का उल्लंघन कर उसे 15 अगस्त को ही आम लोगों के सामने प्रदर्शित कर दिया गया। नियमानुसार किसी भी वन्य प्राणी को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के बाद नयी जगह पर 30 दिनों तक क्वारेंटाइन करना होता है। अंततः 3 सितंबर को मिष्टी की मौत हो गयी

# चांडिल में नाबालिग से गैंगरेप

- आदिम जनजाति परिवार की है पीड़िता
- राशन लाने के लिए दुकान गयी थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। आदिम जनजाति परिवार की यह बच्ची मंगलवार को राशन लेने गयी थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवकों ने उसे पकड़ लिया और गैंगरेप किया।

जानकारी के अनुसार आदिम जनजाति की दो बच्चियां चाकुलिया स्थित पीडीएस दुकान से राशन लेने गयी थीं। दुकान उनके घर से चार किलोमीटर दूर स्थित है। वापसी के दौरान पास के गांव के दो युवकों ने एक बच्ची को पकड़ लिया, जबकि दूसरी बच्ची भागने में सफल रही। उसने गांव पहुंच कर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण तुरंत जंगल पहुंचे और पीड़िता को



बेहोशी की अवस्था में बाहर निकाला। आनन-फानन में पीड़िता को चिलगू स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने गांव के ही दो युवकों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। उनकी पहचान खगेन मार्डी (24) और हरिपदो सोरेन (26) के रूप में हुई है।

### सीडब्ल्यूसी की टीम ने की पूछताछ

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की सदस्य पदमा गोराई ने बताया कि तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता से पूछताछ की है। पीड़िता के परिजनों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

# पेसा नियम लागू होने तक नहीं होगी बालू खदानों की नीलामी

## हाइकोर्ट ने जतायी कड़ी नाराजगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश देते हुए कहा कि जब तक अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभा को संसाधनों पर अधिकार देने वाली पेसा नियम की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती, तब तक राज्य में किसी भी लघु खनिज खदान की नीलामी नहीं की जायेगी। इस आदेश से फिलहाल जिलों में चल रही बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया रुक जायेगी। आदेश मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने दिया। प्रार्थी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार, अभिषेक राय और ज्ञानंत सिंह ने पक्ष रखा।

**पिछले आदेश की अवमानना पर सुनवाई :** मामला आदिवासी बुद्धिजीवी मंच द्वारा दायर अवमानना याचिका से जुड़ा है। मंच ने अदालत को बताया कि 29 जुलाई 2024 को दिये गये आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने पेसा नियम अधिसूचित नहीं किया और बालू घाटों की नीलामी जारी रखी। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को फटकार लगायी।

सुनवाई के दौरान जब पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार ने यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर डालने की बात कही, तो अदालत ने तीखा रुख अपनाते हुए पूछा - क्या आप चाहते हैं कि हम मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल भेज दें? यही आप कह रहे हैं? कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार 73वें संविधान संशोधन की मंशा को ठेंगा दिखा रही है, जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर ग्राम सभा का अधिकार सुनिश्चित होना चाहिए।

**याचिकाकर्ता का तर्क :** याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार जानबूझकर नियमों को अधिसूचित करने में देरी कर रही है, ताकि इस बीच बालू घाटों और अन्य खनिज खदानों की दीर्घकालिक नीलामी और पट्टे जारी कर दिये जायें। इससे ग्राम सभाओं को मिलने वाले अधिकार व्यर्थ हो जायेंगे। हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को नियम अधिसूचित करने के लिए चार सप्ताह का समय देने से इनकार करते हुए केवल दो सप्ताह की मोहलत दी है। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी।


EuroKids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech — B.Tech: Civil Engineering, Electrical and Electronic Eng., Computer Science & Eng., CSE (Artificial Intelligence), CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma: Civil Engineering, Mechanical Eng., Electrical and Electronic Eng., Computer Science & Eng., Electrical Engineering
Faculty of Law: LL.B., B.A. LL.B., B.B.A. LL.B
Faculty of Management: Bachelor of Business Administration (BBA), Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.: Bachelor of Computer Application (BCA), Master of Computer Application (MCA), Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education: Bachelor of Elementary Education (B.Ed), Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.), M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science: B.A (Hindi), B.A (English), B.A (Sanskrit), B.A (Economics), B.A (Psychology), B.A (Sociology), M.A (Hindi), M.A (English), M.A (Sanskrit), M.A (Economics), M.A (Psychology), M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy: Diploma in Pharmacy (D.Pharm), Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science: Bachelor of Dental Surgery (BDS), Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy: Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS, M.D Homeopathy, B.Sc Medical Pathology, B.Sc Medical Biochemistry, B.Sc Medical Microbiology, M.Sc Medical Microbiology, M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science: Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing), General Nursing and Midwifery (GNM), Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical: OT, DMLT, ECG, X-RAY, Medical in Sanitary Inspector, Medical in Ophthalmic Assistant, Medical in Certificate in Dresser
Library Science: B.Lib.I.Sc., M.Lib.I.Sc
Faculty of Science: B.Sc. (Mathematics), B.Sc. (Chemistry), B.Sc. (Physics), B.Sc. (Botany), B.Sc. (MLT), B.Sc. (Zoology), B.Sc. (Pathology), B.Sc. (Biochemistry), B.Sc. (Microbiology), M.Sc. (Mathematics), M.Sc. (Chemistry), M.Sc. (Physics), M.Sc. (Botany), M.Sc. (Zoology), M.Sc. (Physiology), M.Sc. (Biochemistry), M.Sc. (MLT), M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce: B.Com, M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand | https://bdsu.ac.in/

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING: M.Sc. Nursing, Post Basic B. Sc. Nursing, B.Sc. Nursing, GNM, ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE: BMLT, DMLT, OT ASSISTANT, ECG, OPHTHALMIC ASST., CRITICAL CARE (ICU), RADIO-IMAGING, ANESTHESIA TECH., DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY: D-PHARM, B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उम्मीदवार
श्री सी.पी. राधाकृष्णन
को उपराष्ट्रपति के लिए चयन होने पर
बहुत - बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वामी देवेन्द्र प्रकाश
प्रदेश संयोजक, कार्यक्रम और बैठक विभाग
झारखंड प्रदेश भाजपा

## पेंटिंग प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन बच्चों को मिला सांत्वना पुरस्कार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू निषेध कार्यक्रम को लेकर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन बच्चों को सांत्वना पुरस्कार है। मंगलवार को सदर अस्पताल कोडरमा प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गयी और बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल दिया गया। बच्चों को यह मेडल और सर्टिफिकेट डॉक्टर रमन कुमार के द्वारा दिया गया। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अन्य बच्चों को भी प्रेरित करें। इन बच्चों में रेशांशी जैन, संगम प्रिया और आर्यन कुमार के नाम हैं। बच्चों ने शिक्षिका कुंतल जेठवा की देखरेख में तैयारी की थी। विद्यालय परिसर में उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने तीनो बच्चों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर शगुफ्ता प्रवीण भी मौजूद थीं। बच्चों को बधाई देने वालों में दीपक सर्राफ, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, विक्रम कुमार, टिंकू कुमार, राकेश पाण्डेय, कुंदन राणा, सीमा जैन, सपना शर्मा, रंजीत सिंह, सत्येंद्र कुमार, भोला कुमार, सतीश कुमार, सुनील पाठक, फैयाज कैशर, पवन ठाकुर, चंदन पांडेय, शाहिद आलम सहित अन्य शिक्षकों के नाम हैं।

## पोक्सो एक्ट का अभियुक्त 24 घंटे में गिरफ्तार

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** एसपी अनुदीप सिंह कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ढाब थाना कांड संख्या- 07/25, दिनांक- 08/09/25, पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त पवन कुमार, उम्र- 26 वर्ष, पिता- सुखन राम उर्फ सुखदेव राम, साकिम ढाब निवासी अपने घर चोरी-छुपे आया हुआ है। उक्त सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी ढाब थाना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने तत्परतापूर्वक छापामारी कांड दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में ढाब थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के नाम पवन कुमार, उम्र- 26 वर्ष, पिता- सुखन राम उर्फ सुखदेव राम, साकिम और थाना ढाब निवासी है। छापामारी दल में पुअनि बमबम कुमार ढाब थाना के अधिकारी समेत अन्य शामिल थे।

## अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर, मचा हड़कंप



**बरही (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल के आस पास अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मंगलवार को बरही प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। 20 अगस्त को हुई अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय और अतिक्रमणकारियों को जारी किये गये अल्टीमेटम के बाद मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर दर्जनों दुकान गुमटियों को हटा दिया। यह अभियान बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो और अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान प्रभारी सीआई रीतलाल रजक और बरही थाना के एसआई सुशील कुमार समेत दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। कार्रवाई शुरू होते ही अतिक्रमणकारियों में अफरा - तफरी मच गया। कई दुकानदार अपने - अपने गुमटी को स्वयं हटाना शुरू कर दिये, वहीं दर्जनों दुकानों पर प्रशासन ने अपना बुलडोजर चलाकर दुकान ( गुमटी) को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कड़ी शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल के आस - पास अतिक्रमण बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं बारिश के बाद बरही अंचलाधिकारी ने माइकिंग कर लोगों को जल्द से जल्द अतिक्रमण हटा लेने का आदेश दिया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पताल का क्षेत्र आम लोगों के सुविधा और सुचारू आवागमन के लिए है, ऐसे में किसी को भी निजी स्वार्थ के लिए इसका दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। बता दें कि प्रशासन के इस कार्रवाई पर अस्पताल प्रबंधन समिति ने स्वागत किया है।

## डीसी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को सदर अस्पताल, कोडरमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग स्थल, लैब के लिए उपयुक्त स्थान और सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों के लिए ओपीडी, कमरा चिन्हित करने संबंधी स्थलीय स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि कुपोषण केंद्र की मरम्मति के लिए प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजा जाये। साथ ही अस्पताल परिसर में लैब के लिए अन्य उपयुक्त स्थल की पहचान करने और सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों हेतु अलग से ओपीडी, कमरा चिन्हित कर बनाने का निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ रंजीत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे फुटओवर ब्रिज के लिए 4 घंटे का ब्लॉक, स्टेशन परिसर नो पब्लिक जोन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्टेशन के वर्षो पुराने रेलवे फुटओवर ब्रिज के गाडर को हटाने व नये गाडर को बैठने को लेकर 4 घंटे का ब्लॉक लिया गया। 12:40 से 4:40 तक परिसर को नो पब्लिक जोन बना दिया गया। 4 घंटे के ब्लॉक को लेकर धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा सहित एडीआरएम इंफ्रा, असिस्टेंट कमांडेंट सहित कई अधिकारी मौजूद थे। धनबाद रेल मंडल के कोडरमा गया रेल खंड पर 4 घंटे के इस ब्लॉक के दौरान डाउनलाइन की एक्सप्रेस ट्रेनो को डीजल इंजन के जरिए अगले स्टेशनों तक भेजा गया। ब्लॉक को लेकर सुरक्षा के मद्दे नजर व्यापक व्यवस्था की गयी थी पूरे स्टेशन परिसर के छपे-छपे पर आफ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। डीआरएम अखिलेश मिश्रा व सहायक कमेंडेंट सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर बनाए हुए थे। किसी तरह की आपातकालीन व्यवस्था से निपटने के लिए स्टेशन परिसर पर चिकित्सीय व्यवस्था बहाल की गयी थी। ब्लॉक समाप्ति के पश्चात पत्रकारों से वार्ता के क्रम में डीआरएम श्री मिश्रा ने कहां की एयरपोर्ट की तर्ज पर बना रहे नये तीन मंजिला भवन से प्लेटफार्म पर उतरने के लिए नया फूट ओवर ब्रिज बनने का कार्य चल रहा है। इसी के तहत गाडर बैठने वह पुराने ओवर ब्रिज के गार्डन हटाने को लेकर दो दिनों का 4-4 घंटे का ब्लॉक लिया गया है। बुधवार को भी गाडर लगाये जाने का कार्य किया जायेगा। इस पूरे कार्य के दौरान सुरक्षा मानको को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा सभी वर्करो को पोपी कीट दिया गया है। अत्यधिक गर्मी के कारण वर्करो द्वारा पीपी कीट को खोल दिया। वही बाल मजदूरी के सवाल पर श्री मिश्रा ने कहा कि यह बातें मेरे संज्ञान में नहीं है। जबकि कार्य के दौरान घरेलू गैस के उपयोग पर डीआरएम मिश्रा ने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मौके पर सीनियर डीईएन कोऑर्डिनेशन, सीनियर डीएमई कोऑर्डिनेशन, सीनियर डीईई टीआरडी, सीनियर डीईएन टू, एओओम, एसीएम, एएससी सहित कई धनबाद रेल मंडल के अधिकारी व कोडरमा के एसएस विकास कुमार, सीटीआई बच्चा सिंह, आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार, टीआई अरविंद कुमार सुमन आदि मौजूद थे।

### नॉर्थ तापिन में आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस के व्यू प्वाइंट पर हुई थी घटना

# हाइवा -जेसीबी जलाने वाले सात अपराधी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के चरही थाना क्षेत्र के नार्थ तापिन स्थित सीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस सीपीएल के व्यू प्वाइंट पर 24 अगस्त को आग लगा कर 6 वाहनों को जला दिया था। यह घटना 8 से 10 अपराधियों के द्वारा प्लानिंग कर पेट्रोल छिड़कर आउटसोर्सिंग कम्पनी का 3 हाईवा और 3 पोकलेन को आग लगाकर जलाया था। इस संदर्भ में सीसीएल के सुरक्षा प्रभारी निलेश कुमार ने चरही थाना में कांड सं-85/25 के तहत कांड दर्ज कराया था। उक्त काण्ड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ सदर और एसडीपीओ विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम का गठन किया गया है। गत सोमवार रात्रि एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली की चरही थानान्तर्गत तापिन नोर्थ 44 नं के जंगल मे कुछ अपराधकर्मी इकट्ठा हुए है तथा योजना बनाकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना प्राप्त होते ही एसआइटी टीम को निर्देश दिया गया और एसआइटी टीम के सदस्यों के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान इमदाद रजा, सचीन कुमार, अफसर वारिस, छोटन कुमार रविदास, साहिल रजा, गणेश यादव, सुनिल कुमार दास को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के अपराधियों ने पुलिस को बताया कि गत 24 अगस्त को सीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस सीपीएल के व्यू पॉइंट पर 6 वाहनों को आग लगाये थे। इनलोगों के द्वारा ही 10 फरवरी को चरही के चलिया टॉड जंगल में 3 ट्रैक्टर जलाये थे।

**गिरफ्तार अपराधी का नामः** इमदाद रजा, पिता गुलाम रब्बानी ग्राम तापिन पारटांड थाना चरही जिला हजारीबाग, सचीन कुमार रविदास पिता स्व रामवृक्ष रविदास ग्राम-कांको पोस्ट चंदवारा जिला कोडरमा, अफसर वारिस पिता मो असगर ग्राम पिपरा थाना चरही जिला हजारीबाग, छोटन कुमार रविदास पिता महादेव रविदास ग्राम चुटियारो थाना तिलैया डैम जिला कोडरमा, साहिल रजा पिता इम्तियाज अंसीरी ग्राम कजरी थाना चरही, जिला-हजारीबाग, गणेश यादव पिता महेन्द्र यादव ग्राम चन्द्रघट्टी थाना-तिलैया डैम ओपी जिला कोडरमा और सुनिल कुमार दास पिता सोहन दास ग्राम कांको थाना तिलैया डैम ओपी जिला कोडरमा शामिल हैं। सुनील कुमार दास का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है।

**बरामद :** जिन्दा गोली 6 पीस,चाकू 3 पीस, टीपीसी का पर्चा-7 पीस, बोलेरो नियो-1 पीस, मोबाइल 6 पीस शामिल हैं।

## 17 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

इचाक। इचाक थाना पुलिस ने मादक पदार्थ बेचने वाले को धर दबोचा है। थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि तेतरिया से बरकाखुर्द जाने वाली सड़क के आसपास अवैध मादक पदार्थ बेचने कुछ लड़के आने वाले है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए एएसपी अमित कुमार, थाना प्रभारी राजदीप कुमार, पुअनि मंगलदेव उरांव, सअनि सिदिउ पूर्ति और सशस्त्र बल के साथ स्थल के लिए प्रस्थान किये। बताये गये स्थल पर जाने के क्रम में एक पुलिया के पास एक मोटरसाइकिल लगा हुआ था, जिसपर एक लड़का बैठा हुआ था जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगा, परंतु सशस्त्र बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया, जिससे पुछताछ और तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 2820 रुपया, एक मोबाइल फोन, एक इलेक्ट्रानिक वेट मशीन, दो बैटरी सहित और एक काले रंग के प्लास्टिक मे अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) वजन 17 ग्राम, और एक सफेद काला रंग का श्यामाहा एमटी 15 मोटरसाइकिल को जब्त कर पकडाये व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जप्ती अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन सुगर) वजन - 17 ग्राम, 2820 रुपया नगद, एक मोबाइल फोन, एक इलेक्ट्रानिक वेट मशीन, एक सफेद - काला रंग का यामाहा एम०टी० 15 मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। गिरफ्तारी विशाल कुमार, पिता- तपेश्वर प्रसाद मेहता, ग्राम रतनपुर, थाना-ईचाक, जिला-हजारीबाग।

### हजारीबाग में सीएसपी सेंटर से दिनदहाड़े लूट

# 2.52 लाख लेकर फरार हुए बदमाश

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी दामोडीह गांव में मंगलवार की सुबह एक बड़ी लूट की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। स्थानीय ग्रामीण महिला खेलांति देवी, जो यहां सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) चलाती हैं, रोज की तरह सुबह लगभग 10 बजे अपना केंद्र खोलकर पूजा-अर्चना कर रही थीं। अगरबत्ती और दीप जलाकर वह कामकाज की शुरुआत करने ही वाली थीं कि उसी दौरान दो युवक ग्राहक बनकर सेंटर पर पहुंचे। पहले दोनों युवकों ने लेन-देन से जुड़ी कुछ बातों में खेलांति देवी को उलझाया। जब वह उनकी बातों पर ध्यान दे रही थीं, तभी उनमें से एक युवक ने मौका पाकर कैश काउंटर से रखे 2 लाख 52 हजार रुपये निकाल लिये। जब तक खेलांति देवी कुछ समझ पातीं और शोर मचातीं, दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गये। खेलांति देवी ने आवाज देकर आसपास के लोगों को बुलाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आरोपी काफी दूर निकल चुके थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला। सूचना मिलते ही कटकमदाग थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के इलाकों में छापेमारी भी कर रही है। लुटेरों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने और अन्य तकनीकी जांच में जुट गयी है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में भय और दहशत का माहौल है। एसपी अंजनी अंजन से पूछने पर बताया कि घटना घटी है, घटना को अंजाम देने वालों की खोजबीन शुरू कर दी गयी है। अपराधी जल्द गिरफ्तार होंगे।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को जिले के ढाब थाना अंतर्गत चरकी घाटी के समीप एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल की पहचान ढाब निवास 25 वर्षीय अंकित कुमार (पिता सुरेश साव) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार अंकित अपने किसी निजी कार्य हेतु डोमचांच आया हुआ था। कार्य के पश्चात यह वापस अपने घर को लौट रहा था। इसी बीच डोमचांच सतगावां मुख्य मार्ग के चरकी घाटी में अचानक से इसके बाइक के सामने एक वाहन आ गया और इसके बाइक को ठोकर मारकर फरार हो गयी। उक्त वाहन के ठोकर लगने से अंकित के बाइक के परखच्चे उड़ गये, जबकि अंकित बाइक से दूर जा गिरा, जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोटें आईं। उसी दौरान उक्त मार्ग से गुजर रहे राहगीरों की नजर अंकित पर पड़ी। जिसके बाद उनके सहयोग से अंकित को निजी वाहन के माध्यम से सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां उसका इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# अडाणी फाउंडेशन ने लगाया रोजगार मेला




### बड़ी संख्या में युवाओ ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव / हजारीबाग।** बड़कागांव में मंगलवार को अडाणी फाउंडोशन की ओर से रोजगार मेला लगाया गया। इसमें दो सौ से ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया। पूर्वाह्न बाद कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने किया। मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन बार-बार होना चाहिए। अडाणी फाउंडेशन में रोजगार की अत्याधिक संभावना है। इसका लाभ उठाया जाना चाहिए। युवा इससे जुड़कर रोजगार के क्षेत्र में अपना भविष्य सुरक्षित करें। अडाणी के हर प्रोजेक्ट में रोजगार की संभावनाएं मौजूद हैं। और स्थानीय युवाओं को इनसे जुड़कर अपने भविष्य को मजबूत करना चाहिए। मैके पर गोंदुलपारा खनन परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने रैयतों को आरएनआर पॉलिसी और एलए एंड आरआर एक्ट 2013 के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन जल्द ही इलाके में स्कूल, हॉस्पिटल और स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने फाउंडेशन के अन्य प्रोजेक्ट्स में चल रहे सीएसआर कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर सुधार से जुड़े कार्य आदि के बारे में विस्तार से बताया।

**वेतन के साथ मिलेगी कई सुविधाएं :** चयनित उम्मीदवारों को हर महीने वेतन के साथ कर्मचारी भविष्य निधि (इपीएफ), वार्षिक मेडिकल जांच, सस्ते दर पर भोजन, आवास सुविधा तथा इंसेंटिव जैसी सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

**वर्षे से चल रहा सेवा कार्यः** अडाणी फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से बड़कागांव इलाके में सीएसआर गतिविधियों को निरंतर चला रहा है। इसके तहत फ्री एम्बुलेंस सेवा, टीबी मरीजों को पोषण किट, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, शैक्षणिक सहयोग और छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं, जिनसे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

**निभायी भागीदारीः** सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, डीजीएम राजेश वर्मा, सीएसआर विभाग के प्रभारी मोहित गुप्ता, सेवानिवृत डीएसपी जीतेन्द्र दुबे, डिप्टी मैनेजर संतोष तिवारी, एचआर लीड लक्ष्मीकांत, एडमिन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसमें खास तौर से भागीदारी निभायी।

### इच्छुक युवाओं ने जमा कराया सीवी

रोजगार मेले में आए सभी युवाओ ने सीवी जमा कराया है। जिनकी शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया जारी है। अडाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को उनकी योग्यता, अनुभव और कौशल के आधार पर नौकरी के ऑफर दिए जायेंगे। रोजगार के ये अवसर अहमदाबाद के मुंद्रा, मध्यप्रदेश के सिंगरौली, पटना, आंध्रप्रदेश और पुणे समेत अन्य जगहों के लिए है। युवाओं के लिए जो मौके उपलब्ध हैं उनमें कंटेनर मोबिलिटी ऑपरेटर, एचएमवी ड्राइवर और सोलर ऑपरेटर के पद शामिल हैं।

### मेले के बाद भी जमा करा सकेंगे सीवी

रोजगार मेले के बाद भी एक सप्ताह तक सीवी ड्रॉप बॉक्स सक्रिय रहेगा, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपने दस्तावेज जमा कर सकते हैं। प्राथमिकता विस्थापित परिवारों, परियोजना प्रभावित और आसपास के ग्रामीण परिवारों को दी जाएगी।

## युवा कल्याण, संस्कृति और पर्यटन विकास समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद मंगलवार को झारखंड विधानसभा सचिवालय में आयोजित युवा कल्याण, संस्कृति और पर्यटन विकास समिति की समीक्षात्मक बैठक में शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता सभापति सबिता महतो ने की। बैठक में राज्य के युवा कल्याण, संस्कृति और पर्यटन से जुड़े विकासात्मक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा और गहन विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्य विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर आवाज बुलंद करना और राज्य के हर नागरिक के विकास के लिए ठोस कदम उठाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समिति की बैठकों के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचे। यह समीक्षात्मक बैठक राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाने, युवाओं को नई दिशा देने और पर्यटन को बढ़ावा देना है। विधायक ने कहा कि झारखंड को विकास की नयी उंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## चलकुशा में जल-नल योजना से वंचित ग्रामीण

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में जलापूर्ति योजना दिखावे की योजना साबित हो रही है। बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने बताया कि आज भी कई गांव व टोले ऐसे हैं जहां घर-घर जल नल योजना का लाभ सुचारू रूप से नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है, बावजूद इसके मनैया, जमसोती, पलमा, डढाई, सेवाटांड़, भीखनाडीह और वनगांवा में लोगों को सप्ताह में एक-दो दिन ही पानी मिल पा रहा है। वहीं कई टोले ऐसे हैं जहां अब तक पानी की आपूर्ति शुरू भी नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की कमी से उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई हो रही है। गर्मी और बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल नल योजना को सुचारू रूप से चालू कराया जाये ताकि हर घर तक नियमित पानी की आपूर्ति हो सके।

## ग्रामीणों को दी गयी बैंक की जानकारी



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो पंचायत में आरबीआई के निदेर्शानुसार प्रखंड के हर पंचायत में बैंक की जानकारियां हेतु ग्रामीणों के बीच जागरूक कार्यक्रम किया जाना है मंगलवार को झरपो पंचायत भवन में शिवाधार फाइनेंस। सीएफएल दारू घनश्याम कुमार (ट्रेनर) के द्वारा ग्रामीणों को बताया कि आप सभी साइबर ठगी से बचे यदि कोई भी आपको फोन या वाटसेफ के माध्यम से आधारकार्ड, पासबुक पैनकार्ड और ओटीपी मांगता है तो देना नहीं है सीधे बैंक से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है आप ठगी के शिकार हो गये तो साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सकते है तीन दिनों के अंदर कार्रवाई की जायेगी। आप सभी बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा हर वर्ष 436 रुपया और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा जो कि हर वर्ष 20 रुपया जमा करना होगा। जिसमें 2-2 लाख तक मिलने का प्रावधान है। उन्होंने बताया आपके बचत खाते में पैसा जमा है और बैंक में किसी प्रकार का बैंक में घटना घट जायेगी तो आपका जमा रकम आरबीआइ द्वारा पांच लाख तक ही दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी सीएचपी संचालक विकास कुमार वर्णवाल सहित महिलाएं उपस्थित थी।

## बच्चों के बीच यूनिफॉर्म और खेल सामग्री वितरित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना कोल माइनिंग प्रोजेक्ट की कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत बिरहोर कॉलोनी के बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और खेल सामग्री वितरित की गयी। यह कदम इन बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और आत्मविश्वास के साथ स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। बिरहोर समुदाय के लिए यह एक महत्वपूर्ण पहल है क्योंकि यहां के बच्चों को मूलभूत वस्त्रों की भी कमी रहती है। इस अवसर पर चट्टी बरियातु कोल परियोजना के प्रमुख नवी गुप्ता, नीलमाधव स्वाइन, अपर महाप्रबंधक, मुखिया चट्टी बारियातू और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने बच्चों और समुदाय के बीच एक नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। चट्टी बरियातु कोल माइनिंग प्रोजेक्ट द्वारा पूर्व में भी बिरहोर समुदाय के कल्याण हेतु पौधरोपण कार्यक्रम और प्रत्येक परिवार को मासिक पोषण किट वितरण जैसी अनेक सामाजिक गतिविधियां की जाती रही हैं।

## शहादत दिवस मनाने को लेकर झामुमो ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी दस सितम्बर को पार्टी द्वारा आयोजित शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 42वां शहादत दिवस पर मुक्ति दुधमनिया गांव में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को जुटने की अपील वैठक में की गयी। मंगलवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की हुई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी और संचालन सचिव संजय प्रजापति ने किया। वैठक में सभी पंचायत के अध्यक्ष और सचिवों की उपस्थिति में प्रखंड समिती के कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। संगठन की मजबूती और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर महतो, डीएम राज पटेल, सुनील सिंह, नसरुद्दीन अंसारी, धरम महतो, मुजफ्फर अंसारी, दिलीप सिंह, पवन पासवान, मनोवर आलम, नागेंद्र प्रसाद, भास्कर कुमार, छोटू हांसदा, डालेश्वर यादव, प्रदीप कुमार, द्वारिका महतो, जागेश्वर महतो, डेगलाल महतो आदि उपस्थित थे।

## गेहूं लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही थाना क्षेत्र के चरही घाटी के यूपी मोड़ में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक संख्या बी आर 45जी बी 1484 उत्तर प्रदेश से गेहूं लाद कर रांची जा रहा था। इसी क्रम में ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। जिससे ट्रक में लदा सारा गेहूं सड़क पर बिखर गया। घटना में ट्रक के चालक और सह चालक को हल्की चोट आई थी जिसके बाद एनएचएआइ के एम्बुलेंस से उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए मांडू स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गौरतलब है कि घाटी के यूपी मोड़ को कुछ माह पूर्व चौड़ीकरण किया गया है। जिसके बाद दुर्घटनाओं में कुछ हद तक कमी आई है इससे पहले यहां हमेशा ही दुर्घटना होते रहती थी और यह स्थान थाना क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट के तौर पर जाना जाता था।

## सरिया लदा ट्रक पलटा


# आठ घंटे तक मलबे में दबा रहा चालक, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के सैनी होटल के पास सोमवार की रात करीब 11 बजे सरिया (छड़) लदा 14 चक्का ट्रक बिजली के ट्रांसफर युक्त खंबे को मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना इतना दर्दनाक था कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और छड़ पूरा चालक के ऊपर जा गिरा। करीब 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार की सुबह उसका शव को छत विक्षत हालत में निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी गयी। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से बिहार की ओर जा रहा ट्रक संख्या जेएच 05बीटी 7658 का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इसी दौरान चालक ने नियंत्रित खो दी और सैनी होटल के पास बिजली के ट्रांसफर युक्त खंबे को मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मलबे में चालक के तब जाने से उसकी मौत हो गयी। करीब 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक का शव निकाला गया। मृतक की पहचान रोशनचक थाना मोहनपुर जिला गया बिहार निवासी शमशीर खान पिता अमीन खान के रूप में की गयी।

## गोला में फुटबॉल मैच का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बंदा में मंगलवार को सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट सीएसआर मद से जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच सिदो-कान्हु हाउस बनाम भगवान बिरसा मुंडा हाउस के बीच में खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। बिरसा मुंडा हाउस ने सिदो-कान्हु हाउस को 4 -2 से पराजित कर मैच पर कब्जा किया। विजेत और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सीएसआर सहायक प्रबंधक आशीष झा ने बच्चों को देश भर में हो रहे भ्रष्टाचार के रोकथाम के बारे में बताया। साथ ही भ्रष्टाचार से बचने का संदेश भी दिया। मैच रेफरी के रूप में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। मौके पर प्रधानाध्यापक इम्तियाज अहमद, शिक्षक युगल किशोरी पटेल, किरण कुमारी, छतरु महतो, दिलीप कुमार महतो, प्रवीण सिंहा,वकील अहमद, रीना कुमारी, प्रदीप राम करमाली, रेखा टंडन, टेकलाल महतो, सरिता कुमारी, द्रोपदी देवी, मसरूर आलम, कौलेश्वर कपरदार, जय प्रकाश यादव, कर्मा मांझी, ऋतिक कुमार, विकास कुमार, जितेंद्र करमाली आदि थे।

## 12 सितंबर को विसमो करेगा परियोजना और आउटसोर्सिंग का काम बंद



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी कांटा घर समीप विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी-पोटंगा कार्यालय में विस्थापितों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को आयोजित की गयी। अध्यक्षता मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष सीताराम किस्कू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उरीमारी परियोजना प्रबंधन और आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पिछले 26 मई को भेजे गये मांग पत्र संख्या 04 और 06 सितम्बर का स्मरण पत्र संख्या 05 पर अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी है। इन मांग पत्रों में लोकल सेल की गाड़ियों में पर्याप्त कोयला देने और विस्थापित बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग की गयी थी। प्रबंधन की उदासीनता और मांगों की अनदेखी को लेकर विसमो ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल ठोस पहल नहीं की गयी, तो अगामी 12 सितंबर को उरीमारी परियोजना और आउटसोर्सिंग खदान को पूरी तरह बंद किया जायेगा। मोर्चा के लोगों ने कहा कि जब तक हम विस्थापितों को हक अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में विसमो अध्यक्ष चरका करमाली, सचिव महादेव बेसरा, पंसस गीता देवी, डॉ जी आर भगत, कानू मरांडी, धर्मदेव करमाली, विश्वनाथ मांझी, मुनिष मांझी, विजय करमाली, दशाराम हेंब्रोम, जुरा सोरेन, जतरु बेसरा, पूरन मांझी, कंचन सोरेन, तालो बेसरा, सीगू हेंब्रम, मनु टुडू, राजेंद्र किस्कू, बासुदेव सोरेन, बिरजू सोरेन, गुप्ता सोरेन, रामबृक्ष सोरेन, चंदू जायसवाल, कतिलाल हेंब्रोम, सरोज मुर्मू, रतन पवरिया, मनाराम हांसदा, विजय हांसदा, बिनोद प्रजापति, गुली प्रजापति, गोविन्द प्रजापति, राजकुमार, सीता मुनि देवी, रुशुमुनि देवी, फुलासरी देवी, फुलमति देवी, फुल मुनि देवी, तेतरी देवी, शांति देवी, मुनिका देवी, सुशीला देवी, बसंती देवी, रीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सहायक उपकरण के लिए बरकाकाना में दिव्यांग बच्चों की जांच और रजिस्ट्रेशन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र बरकाकाना में तीन वर्ष से अठारह वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर आयोजित की गयी। शिविर के दौरान बौद्धिक दिव्यांग, श्रवण बाधित, मुखबधिर, बौनापन, शारीरिक विकलांगता, लोकोमोटर डिसेबिलिटी, स्वलीनाता डिस्लेक्सिया, डिसग्राफिया डिसकैलकुलीया से ग्रसित बच्चों का जांच और आकलन कर उनका रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो इरफान कौसर ने बताया कि विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, बहुत जल्द इन्हें कैलिपर, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, हियरिंग एड जैसे सहायक उपकरण सामग्री मुहैया कराया जायेगा। वहीं रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार, सुरेश राम, तपेश्वरी देवी ने उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच दिव्यांगता से जुड़ी बातों को साझा करते हुए जरूरी हिदायत दी। मौके पर एमआइएस अमित कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर ममता कुमारी, प्रखंड संसाधन सेवी हातिम अंसारी, अरशद अली, संकुल साधन सेवी रविन्द्र पासवान, आलिमको टीम से आनंद कुमार सिंह, पुनर्वास विशेषज्ञ रवि कुमार, रामदेव सिंह, लव कुश डेटा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# कुजू में वृद्ध दंपति को बंधक बना कर लूटपाट

- दस लाख रुपये फिरौती की मांग
- पुलिस की दबिश से आठ घंटे बाद दंपति सकुशल बरामद
- सात संदिग्ध धराये, लूटी गयी स्कूटी बरामद
- पुलिस मामले की छानबीन में जूटी

आजाद सिपाही संवाददाता






**कुजू।** ओपी क्षेत्र के लोहागेट शनि मंदिर के समीप एक आवास में बीती रात करीब 8 बजे हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने मौजूद वृद्ध दंपति को बंधक बनाकर लगभग दो घंटे तक जमकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने वृद्ध दंपति को पलंग के सहारे रस्सी से बांधकर घर में रखे चार अलमीरा को तोड़कर करीब 17 हजार रुपये नगद ओर ढाई लाख रुपये मूल्य के आभूषण, एक स्कूटी और एक मोबाइल लूट लिया। वहीं, हथियार के बल पर वृद्ध दंपति नंदकिशोर सिंह (70 वर्ष) और पत्नी राजवंशी देवी (65 वर्ष) को अगवा करते हुए आवास के समीप स्थित सीसीएल कुजू कोलियरी ओबी डंप ले गये। अपराधियों ने ओबी डंप से ही नंदकिशोर सिंह के मोबाइल से उनके पुत्र मनोज सिंह से 10 लाख रुपये फिरौती की मांग करते हुए फिरौती की राशि कनहरी हिल, हजारीबाग पहुंचाने की धमकी दी। फिरौती नहीं पहुंचाने की स्थिति में वृद्ध दंपति की हत्या कर देने की बात कहीं। इधर, मनोज सिंह द्वारा तत्काल घटना की सूचना कुजू ओपी पुलिस को दी गयी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने अपने वरीय अधिकारियों को जानकारी दी। इधर, रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश पर फौरन एसडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। जिसमें कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अख्तर अली, अभिनव कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार सहित सशस्त्र बल के साथ दंपति के पुत्र मनोज सिंह को बैग के साथ कनहरी हिल हजारीबाग पहुंचे। कनहरी हिल पहुंचते हीं पुलिस ने कनहरी हिल की चौतरफा घेराबंदी कर दी। पुलिस द्वारा फिरौती राशि का बैग रखते ही वहां सात संदिग्ध युवक नजर आए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा तुरंत धर दबोचा गया। साथ ही, लूटी गई स्कूटी संख्या जेएच 24 ई 8641 को बरामद की गयी। पुलिस की बढ़ती सरगर्मी देखते हुए कुजू कोलियरी ओबी डंप में बंधक बनाकर रखे गये वृद्ध दंपति को आठ घंटे बाद मंगलवार की अहले सुबह करीब चार बजे अपराधी छोड़ कर भाग निकले। वहीं, एफएसएल की टीम ने घटनास्थल में मौजूद फिंगर का नमूना का संग्रह किया। चर्चा है कि मनोज सिंह से पुराने लेन देन विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

### क्या कहते है कुजू ओपी प्रभारी

मामले को लेकर पूछे जाने पर कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गिरफ्तार सभी सात संदिग्धों से कड़ी पूछताछ की जा रही है। वहीं, घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मामला का जल्द हीं खुलासा करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्त ले लिया जायेगा।

## डीसी ने की उत्पाद विभाग के कार्यों की समीक्षा



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की मंगलवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। इस दौरान सबसे पहले सहायक आयुक्त उत्पाद विमला लकड़ा के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को उत्पाद कार्यालय रामगढ़ में कार्यरत बल आदि की जानकारी दी गयी। जिसके बाद उपायुक्त ने उत्पाद विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को जिला अंतर्गत किसी भी शराब दुकान में एमआरपी से अधिक शराब पर बिक्री न होने देने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने नियमित रूप से जांच अभियान चलाने ओर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गये जांच अभियान आदि की जानकारी सहायक आयुक्त उत्पाद से ली गयी और नियमित रूप से अवैध शराब के विरुद्ध जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा नई उत्पाद नीति के तहत संचालित किए जा रहे नए दुकानों की विस्तृत जानकारी ली और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अवर निरीक्षक उत्पाद अमित मड़की और कांग्रेस कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल हैं सेवा, संवेदना और समर्पण की मिसाल: धनंजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों को साझा किया है। उन्होंने बताया है कि कैसे सांसद ने सेवा और समर्पण को ही अपना संकल्प बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि वही सफल कहलाता है, जो जनता की जरूरतों को समझे और उसके अनुरूप कार्य करे। इसी दृष्टिकोण से हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कार्यकाल में सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म माना है।

### सांसद सामूहिक विवाह उत्सव

उन्होंने बताया कि गरीब बच्चियों के विवाह की चिंता जब परिवारों के लिए भारी बोझ बनती है, तब सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा संचालित सांसद सामूहिक विवाह उत्सव कार्यक्रम ने सैकड़ों बेटियों को सम्मानपूर्वक विदाई दिलाई। यह पहल न केवल सामाजिक समरसता का उदाहरण है बल्कि गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत भी बनी।

### सांसद तीर्थ दर्शन

इसी तरह बुजुर्गों की वर्षों पुरानी तीर्थ यात्रा की अधूरी इच्छाओं को समझते हुए सांसद ने सांसद तीर्थ दर्शन योजना की शुरूआत की। इस योजना के माध्यम से अब तक हजारों वृद्धजन अपने जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा कर चुके हैं और सांसद को आशीर्वाद दे रहे हैं।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट

युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए सांसद ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत की। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। इससे खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है और प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिला है।

### श्रीराम लहंगा वितरण

महिलाओं के सम्मान और आत्मविश्वास को ध्यान में रखते हुए सांसद द्वारा श्रीराम लहंगा वितरण जैसे अनोखे कार्यक्रम भी किये गये, जो उनके संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाते हैं।

### रामनवमी पर पारंपरिक शस्त्र वितरण

सांसद मनीष जायसवाल ने हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने के लिए रामनवमी पर पारंपरिक शस्त्र वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कार्यक्रम युवाओं को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। रामनवमी के अवसर पर सैकड़ों लोगों को पारंपरिक शस्त्र भेंट किये जाते हैं, जिससे धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश भी मिलता है। सांसद मनीष जायसवाल के इन प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि राजनीति केवल सत्ता तक सीमित नहीं होती, बल्कि जनहित और सेवा ही इसका सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। कहा कि सांसद मनीष जायसवाल की जनसेवा और दूरदर्शी सोच से हजारीबाग का नाम पूरे प्रदेश में सम्मानपूर्वक लिया जाता है।

# गलत शपथ पत्र देने के आरोप में जिला अधिवक्ता संघ ने दो अधिवक्ताओं की सदस्यता रद्द की

- अजय कुमार सिंह व पवन कुमार सिंह इनरोल्मेंट के दौरान गलत शपथ पत्र दायर किया : आनंद अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** इनरोल्मेंट के दौरान गलत शपथ पत्र दायर करने के आरोप में जिला अधिवक्ता संघ ने कड़ा रूख किया है। बैठक कर दो अधिवक्ता अजय कुमार सिंह व पवन कुमार सिंह की सदस्यता को रद्द किया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि दोनों अधिवक्ताओं ने इनरोल्मेंट के दौरान गलत शपथ पत्र दायर कर अंडरटेकिंग का उलंघन किया है। अधिवक्ता ऋषि कुमार महतो के नेतृत्व में टीम की जांच रिर्पोट में खुलासा होने के बाद कार्यकारिणी की बैठक दोनों अधिवक्ताओं की सदस्यता को रद्द करने का निर्णय लिया है।

**जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा:** जांच के दौरान पाया गया कि दोनों अधिवक्ताओं पर रामगढ़ थाना एवं पतरातु में उनके विरूद्ध अपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही झारखंड उच्च न्यायाल में इनरोल्मेंट संबंधित तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद जानबूझ कर छिपाकर जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ में अपना इनरोल्मेंट कराया। इतना ही नहीं अजय कुमार सिंह अधिवक्ता को झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा प्रोविजनल सर्टीफिकेट भी 16 मई 2024 तक के लिये निर्गत किया गया था। उक्त अवधि के बावजूद भी अजय कुमार सिंह द्वारा नियमित रूप से अधिवक्ता के रूप में न्यायालय में उपस्थित होकर न्यायिक कार्यो का निष्पादन किया जा रहा था। जो एक अपराधिक कृत्य है।

**दोनों अधिवक्ता ने भी रखा अपना पक्ष :** अधिवक्ता अजय व पवन कुमार सिंह ने बताया कि उनका इनरोल्मेंट झारखंड उच्च न्यायालय के बार काउंसिल से है। वे रामगढ़ बार काउंसिल के सदस्य नहीं है। जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव ने उन्हें एनओसी भी दिया है।

### क्या है पूरा मामला

आशीष कुमार नामक व्यक्ति ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष को आवेदन देकर अधिवक्ता अजय कुमार सिंह व पवन कुमार सिंह पर अधिवक्ता संघ रामगढ़ में इनरोल्मेंट के दौरान गलत शपथ पत्र दायर करने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि दोनों अधविक्ताओं पर रामगढ़ थाना कांड संख्या 329/2016, 131/2019, 134/2019, 356/2020 एवं पतरातू थाना कांड संख्या 228/2020 दर्ज हैं। जिसके बाद अगस्त माह में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में जांच के लिए एक कमेटी बनायी गयी थी। जिसमें बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ऋषी महतो, सह कोषाध्यक्ष बीकेश रंजन, कार्यकारिणी सदस्य द्वारिका प्रसाद और जगत महतो को मामले की जांच कर रिर्पोट सौंपने का निर्देश दिया गया।

भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 25/GA/AFO/2025-26 दिनांक / Date: 09.09.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for walk-in-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-453** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को दो (02) **ग्रेजूएट असिस्टेंट** एवं एक (01) **कृषि क्षेत्र सहायक** के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं।

P.I. of the project **EAP-453,** invites all the eligible candidates for walk-in-Interview for the post of Two (02) **Graduate Assistant** and One (01) **Agricultural Field Operator** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## पूर्व विधायक स्व महेंद्र सिंह भोगता की पुण्यतिथि मनी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ने आज पूर्व भाजपा विधायक स्व महेंद्र सिंह भोगता का 29वां पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर सदर प्रखंड के उंटा मोड़ स्थित पूर्व विधायक स्व. महेंद्र सिंह भोगता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आत्मा की शांति की कामना की गयी। इस दौरान चतरा विधायक ने कहा कि हम सब को उनके विचारधारा को आत्मसात करना चाहिए। उनसे हम सब को प्रेरणा लेकर जनहित के लिए समर्पित रहना चाहिए, पूर्व विधायक स्व. महेंद्र सिंह भोगता अपने समाज के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्त्ता सहित चतरा के लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत थे। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता केदार प्रसाद दांगी और मंच संचालन धर्मनाथ ठाकुर ने किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सह खेरवार भोगता बिकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, ने कहा की चाचा हमारे पहले गुरु थे। उनके ही पद चिन्हों पर चलकर हमें दीक्षा मिली है। कार्यक्रम में मिथलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बिनय सिंह, सांसद पुत्र नितीश कुमार सिंह, गोबिंद राम दांगी, दर्शन गंझु, सुरेश गंझु, झलकु गंझु, अदालत देसवारी, प्रदीप सिंह, नरेश सिंह, बिजय दांगी, सरयू राम, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह, भोला साहू, उदय वर्मा, सुजीत जायसवाल, विद्यासागर आर्य, बासुदेव दांगी, विनय पांडेय, बीरेंद्र सिंह मुन्ना, चम्पा सबरी, अनीता देवी, काली यादव, अमित सिंह, बब्लू सिंह, युवा जिलाध्यक्ष सुमन सौरभ, भवानी राय, प्रमोद सिंह भोगता, प्रकाश दांगी, दिनेश्वर भुइयां, आदित्य साहू, अनुज सिंह, बालकृष्ण वर्मा, सुरेश दांगी, तुलेश्वर दांगी, कर्मेंद्र दांगी, अविनाश कुमार, संतोष भोक्ता, राजेश भोक्ता, महेंद्र गंझु, मंडल अध्यक्ष दुलेश्वर गंझु, जीतेन्द्र सिंह, सुबोध सिंह गुडू, सतीश दांगी, शंकर साहू, संजय प्रजापति, अमरेंद्र सिंह, बिनोद पांडेय, ओबीसी मंत्री मनोज प्रजापति, अमित राम, बनारस साहू, गोलू साव, प्रदीप दांगी, दिनेश यादव, नरेश ठाकुर, कन्हैया सिंह, सहित काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## पोषण टोकरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन कार्यालय परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र में जिला स्तर पर निक्षय मित्रा दिवस मनाते हुए टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉङ्ग जगदीश प्रसाद और विशिष्ट अतिथि जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ0 कुमार उत्तम उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा टीबी मरीजों को पोषण टोकरी वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा जिले में निश्चय मित्र सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे कार्यक्रम की सराहनीय करते हुए शत-प्रतिशत टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण टोकरी उपलब्ध कराने में सहयोग करने और लोगों को निक्षय मित्र के साथ जोड़ने का प्रयास करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से विक्रांत कुमार (डीपीसी), आलोक कुमार श्रीवास्तव,नवीन मिश्रा, अनु कुमार, सुरेश मंडल, रविन्द्र कुमार, संजय यादव, सरफराज, मो. तबरेज और समस्त अधिकारी, यक्ष्मा कर्मी और सीनी संस्था से मुंतज़िर, ओमप्रकाश शर्मा उपस्थित थे।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 6521 date 01/09/2025. I, PRIYA KUMARI YADAV W/o Vijay Shankar Yadav, aged about 31 years, by faith- Hindu, residing at Near Hanuman Mandir, Phusro, P.O.-Phusro Bazar, P.S. Bermo, Dist.-Bokaro, (Jharkhand)-829144,
1. That, my actual and correct name is PRIYA KUMARI YADAV as per my Aadhaar Card vide No.- 2537 1531 8008 and PAN Card vide no. CKEPD7405G.
2. That, in my Bank Account of Bank of India, Phusro Bazar Branch vide A/c No. 489210110014918 and Punjab National Bank, vide A/c No. 4545000100037735 my name has been mentioned as PRIYA DEVI.
3. That, PRIYA KUMARI YADAV and PRIYA DEVI both name are of same and one lady i.e. myself.

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम 1. कार्य का नाम एवं स्थान –** डिजाइन, ड्राइंग, संशोधन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन 25kv OHE कांति, मोतीपुर, महवाल, मेहसी, चकिया, पिपरा और जीवधारा में यार्ड का पुनर्निर्माण और मुजफ्फरपुर –सुगौली सेगमेंट में बैलेंस OHE काम और डाई.सीईई /कांन/एन/एसपीजे के तहत किसी अन्य स्थानों पर। e-Tender No. EL-C-N-MHX-ETEN-08-25-26. **2. अनुमानित कार्य की लागत :** रू. 22,03,11,719.00, **3. जमा किए जाने वाले वयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य – NIT** के अनुसार एवं रू शून्य, **4. कार्य पूर्ण करने का समय :** 18 माह, **5. निविदा बंद होने का तिथि एवं समय :** 15/09/2025 दोपहर 12.00 बजे तक। **6. वेबसाइट विवरण नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस बेवसाईट www.ireps.gov.in पर, पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रूघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिषर, पटना 800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है।

हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर
पू.म.रे./महेंद्रूघाट/पटना

पीआर/908/सीएन/एन/एमएचएक्स/ईएलईसीटी/टी/25-26/36

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर नीचे उल्लिखित अनुसार ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदाओं को **29.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे** खोला जाना निर्धारित है। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-डी-659-मैनिंग-डिपो, दिनांक: 08.09.2025। कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल के टावर वैगन/कारों का पहरा सहित विभिन्न ओएचई/पीएसआई डिपो (17 अदद) की नॉन-कोर ट्रैक्शन परिसम्पत्तियों का पहरा/देखभाल। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,57,53,903.68। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,78,800। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-डी-656-ऑपरेशन-टीएसएस, दिनांक: 08.09.2025। कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए चक्रधरपुर मंडल के रेलवे स्वामित्व वाले ट्रैक्शन सब-स्टेशन (21 अदद) अर्थात मानीकुई, केंदपोसी, बड़ाजामदा, बांसपानी, गोइलकेरा, चक्रधरपुर, सलगाझरी, राजखरसावां, भालुलता, बामरा, राजगंगपुर, चण्डीपोसी, नुआगांव, चाईबासा, केचुबाहल, आरएसपी (राउरकेला), गारपोस, धूतरा, मनोहरपुर, रायरंगपुर एवं बिमलगढ़ के परिचालन के लिए पहरा देना/आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,12,89,685.92। **जमा बयाना राशि:** ₹ 3,56,500। **पूरा करने की अवधि:** 24 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-डी-675-पीएसजे-याडे, दिनांक: 08.09.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में पतसाही यार्ड पर सम्बंधित रूपांतरण सहित अतिरिक्त लोडिंग/अनलोडिंग लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में ओएचई/पीएसआई कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,24,10,899.48। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,62,100। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
**(PR-606)**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
06

# सड़क पर उतरे युवा

नेपाल में सड़कों पर उतरा युवाओं का गुस्सा अचानक आयी प्रतिक्रिया नहीं और न ही सरकार के किसी एक फैसले से उपजा आक्रोश है। यह लंबे वक्त की हताशा है, जो सब्र का बांध टूटने के बाद जाहिर हो रही। नेपाल सरकार को सख्ती के बजाय समस्या की जड़ को समझना चाहिए और युवाओं से बातचीत कर रास्ता निकालने की कोशिश होनी चाहिए।

**अभिव्यक्ति पर बैन :** नेपाल सरकार ने स्थानीय स्तर पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने के कारण बीते हफ्ते 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। इनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स (पूर्व में ट्विटर), वट्सऐप जैसे बड़े प्लैटफॉर्म भी हैं। सरकार भले सुप्रीम कोर्ट के आदेश और नियमों का हवाला दे रही हो, लेकिन उसके इस कदम ने जनता खास कर युवाओं में दबे आक्रोश को उभार दिया। युवा वर्ग का कहना है कि यह प्रतिबंध सीधे उनके काम और अभिव्यक्ति पर है।

**करप्शन से परेशान :** जो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म अभी उपलब्ध हैं, उन्हीं के जरिये युवा एक-दूसरे से जुड़े और इस आंदोलन को खड़ा किया। इस दौरान 'नेपो बेबी' ट्रेंड करना बताता है कि भाई-भतीजावाद और करप्शन से लोग किस कदर परेशान हैं। इस साल की शुरुआत में भी ऐसा ही एक आंदोलन हो चुका है, जब देशभर में मांग उठी कि राजशाही की वापसी हो। उस समय भी जनता ने भ्रष्टाचार को लेकर गुस्सा जताया था।

**देश की डीजीपी में मामूली तेजी का अनुमान है, लेकिन सरकार युवाओं में उम्मीद और भरोसा जगाने में नाकाम रही है। युवाओं को कोरे वादे नहीं, बदलाव चाहिए।**

**राजनीतिक अस्थिरता :** नेपाल के अंदरूनी हालात लंबे समय से नाजुक बने हुए हैं। यह देश राजनीतिक अस्थिरता, बेरोजगारी और दूसरे मुद्दों से जूझ रहा है। विडंबना है कि 2008 में इन्हीं सब मुद्दों को लेकर व्यापक जन आंदोलन छिड़ा था, जिसने राजशाही का अंत कर गणतांत्रिक व्यवस्था कायम की। लेकिन, दो दशक भी नहीं बीते और उस सिस्टम से जनता का मोहभंग हो चुका है। चुने हुए नेताओं ने लोगों को किस कदर निराश किया है, समझने के लिए यह बताना काफी है कि 17 बरसों में यहां 14 सरकारें बन चुकी हैं और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा से लेकर बाबूराम भट्टराई, प्रचंड और मौजूदा पीएम केपी शर्मा ओली तक - तमाम राजनेता किसी न किसी तरह के करप्शन के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

**भरोसे की कमी :** नेपाल की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन और प्रवासी नागरिकों की ओर से भेजी गयी रकम पर निर्भर है, पर हाल में दोनों में कमी आयी है। युवाओं में बेरोजगारी दर 19.2% है और 82% आबादी informal employment में है। देश की डीजीपी में मामूली तेजी का अनुमान है, लेकिन सरकार युवाओं में उम्मीद और भरोसा जगाने में नाकाम रही है। युवाओं को कोरे वादे नहीं, बदलाव चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पूर्वोत्तर भारत की वादियों में जल्द ही एक नयी गूंज सुनाई देने वाली है–रेल की सीटी की गूंज। आजादी के 78 साल बाद मिजोरम तक रेल पटरी पहुंचना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। यह परियोजना उस भरोसे की मिसाल है कि चाहे रास्ते कितने भी कठिन क्यों न हों, जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, इंजीनियरिंग दक्षता और जनसहयोग साथ आते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। बइरबी से सायरंग तक बिछी यह 52 किलोमीटर लंबी लाइन मिजोरम को पहली बार सीधे न सिर्फ भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी बल्कि विकास, अवसर और आत्मनिर्भरता की नयी राह खोलेगी।**

# पहाड़ों से जुड़ी पटरी, सपनों से जुड़ा मिजोरम



गौरव कुमार पुष्कर

मिजोरम, पूर्वोत्तर भारत का वह राज्य जहां आजादी के 78 साल बाद पहली बार रेल सेवा शुरू होने जा रही है। पहाड़ों की गोद में बसे इस खूबसूरत प्रदेश तक रेल पहुंचना अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। बइरबी से सायरंग तक लगभग 52 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बन कर तैयार हो चुकी है। ट्रायल रन सफल रहा है और अब इंतजार है तो केवल उस क्षण का, जब इन वादियों में ट्रेन की सीटी गूंजेगी और सफर की कठिनाइयां मिनटों में सिमट जाएंगी। इस लाइन के शुरू होने से राजधानी आइजोल को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। यह परियोजना न सिर्फ क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करेगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था, शिक्षा और पर्यटन को भी नए अवसर देगी।

'लैंड ऑफ हिल पीपुल' कहे जाने वाले मिजोरम में रेल पटरी बिछाना आसान काम नहीं था। यहां का इलाका दुर्गम है, लगातार बारिश और भूस्खलन के खतरे बने रहते हैं। कई जगह तो उपकरण और निर्माण सामग्री तक पहुंचाना बेहद मुश्किल था। यही कारण है कि दशकों तक यहां रेल लाइन बिछाने की कल्पना भी असंभव लगती रही, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति, इंजीनियरों की तकनीकी निपुणता और श्रमिकों के साहस ने इस असंभव को संभव बना दिया। करीब पाँच हजार करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना चार चरणों में पूरी की गयी।

**ट्रेन सेवा शुरू होने की खबर ने यहां के लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है।**

निर्माण के दौरान सबसे बड़ी चुनौती मौसम रहा। बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो जाता था, जिससे काम प्रभावित होता था। भूस्खलन ने भी कई बार बाधा खड़ी की। लेकिन इन मुश्किलातों को पार करते हुए अंततः 11 सालों की मेहतन के बाद एक मई 2025 को पहला ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया गया।



पूरी रेल लाइन ही भारतीय इंजीनियरिंग की एक अद्भुत मिसाल है। इस ट्रैक पर 48 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे ब्रिज बने हैं। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि है ब्रिज नंबर 196, जिसका पाया कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। यह केवल एक संरचना नहीं, बल्कि मानवीय कौशल और तकनीकी साहस का प्रतीक है। नार्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी नीलांजन देव बताते हैं कि परियोजना में हर स्तर पर आधुनिकतम तकनीक और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया।

पूरी रेल लाइन ही भारतीय इंजीनियरिंग की एक अद्भुत मिसाल है। इस ट्रैक पर 48 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे ब्रिज बने हैं। लेकिन सबसे बड़ी उपलब्धि है ब्रिज नंबर 196, जिसका पाया कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। यह केवल एक संरचना नहीं, बल्कि मानवीय कौशल और तकनीकी साहस का प्रतीक है। नार्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी नीलांजन देव बताते हैं कि परियोजना में हर स्तर पर आधुनिकतम तकनीक और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया। दुर्गम इलाकों में बनाये गये ये पुल और सुरंगें यह साबित करते हैं कि भारतीय इंजीनियरिंग किसी भी चुनौती को पार करने में सक्षम है।

यह रेल परियोजना केवल कंक्रीट और लोहे की नहीं, बल्कि संस्कृति और कला की भी कहानी है। सुरंगों की दीवारों पर स्थानीय मिजो संस्कृति की झलक दिखाने वाली कलाकारी उकेरी गयी है। यह पहल न सिर्फ यात्रियों को आकर्षित करेगी, बल्कि मिजोरम की पहचान और परंपरा को देश-दुनिया तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगी।

मिजोरम की खूबसूरत वादियां, बादलों से बातें करते पहाड़, हवा की ताजगी और बांस की कलाकृतियां पहले ही पर्यटकों को खींचती रही हैं। अब रेल संपर्क इन पर्यटन स्थलों तक पहुंच को आसान बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को नयी रफ्तार देगा।

ट्रेन सेवा शुरू होने की खबर ने यहां के लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। युवा वर्ग का कहना है कि यह रेल लाइन उनके सपनों को नयी उड़ान देगी। अब तक बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में राज्य से बाहर जाना एक मजबूरी थी। नयी रेल सेवा इस तस्वीर को बदलेगी। यह केवल भौगोलिक दूरी घटाने का प्रयास नहीं है, बल्कि संभावनाओं और अवसरों को पास लाने की ऐतिहासिक पहल है। आत्मनिर्भर भारत की असली झलक तभी सामने आएगी जब देश के दूरस्थ इलाकों के युवा अपने ही परिवेश में भविष्य की राह तलाश सकेंगे।

मिजोरम की सीमाएं दो देशों–बांग्लादेश और म्यांमार–से मिलती हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी बेहद अहम है। रेल संपर्क से न केवल व्यापार और सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी, बल्कि भारत की रणनीतिक स्थिति भी और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत यह रेल लाइन पूर्वोत्तर को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ने की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

लंबे समय तक पूर्वोत्तर भारत ने खुद को देश की मुख्यधारा से अलग-थलग महसूस किया। भौगोलिक दूरी, परिवहन की कमी और आर्थिक चुनौतियों ने इस अलगाव को और गहरा किया। लेकिन बीते एक दशक में केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। सड़क, हवाई और अब रेल संपर्क ने न केवल भौतिक दूरी घटाई है, बल्कि दिलों की दूरी भी मिटाई है। लोगों के बीच विश्वास और आत्मीयता का सेतु मजबूत हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मौकों पर यह स्पष्ट कर चुके हैं कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में पूर्वी भारत की भूमिका निर्णायक होगी। बीते दस वर्षों में उनका 70 बार इस क्षेत्र का दौरा करना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार के लिए पूर्वोत्तर का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है।

निस्संदेह, बइरबी से सायरंग तक रेल लाइन का बनना केवल एक ढांचागत परियोजना नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है। यह तकनीकी क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और जनसहयोग का जीवंत संगम है। मिजोरम तक रेल पहुंचना उस नये भारत का प्रतीक है, जहां देश का कोई भी कोना विकास की दौड़ में पीछे न रहे।

यह रेल परियोजना भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को मजबूती देती है, सामरिक दृष्टि से एक सुदृढ़ सुरक्षा कवच प्रदान करती है और आर्थिक दृष्टि से समृद्धि की नयी राह खोलती है। मिजोरम तक रेल पहुंचने की कहानी संघर्ष, धैर्य और तकनीकी निपुणता से भरी है–और सबसे बढ़कर यह आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, इंजीनियरिंग दक्षता और जनसहयोग एक साथ आते हैं, तो विकास की कोई सीमा शेष नहीं रहती। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह रेल लाइन केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि आशा, आत्मनिर्भरता और प्रगति की कहानी लिखने वाली राह है।

**(लेखक : भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## कपाली में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, दो हाइवा जब्त

कपाली (आजाद सिपाही) । सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर खनन विभाग की टीम ने चांडिल और कपाली थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। मंगलवार को अभियान के दौरान अवैध खनिज परिवहन करते दो हाइवा जब्त किया।पकड़े गए वाहनों में पत्थर के साथ हाइवा नंबर जेएच05बीके 8724 और जेएच01बीके 7176 में बालू लदे हुए थे। दोनों वाहनों को कपाली थाना क्षेत्र के पुड़ीसिल्ली से पकड़ा गया थाने में सुपुर्द कर दिया गया। मौके पर वाहन मालिक, चालक और अन्य संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरन टीम में खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा, चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन बिरुआ, कपाली थाना प्रभारी धीरंजन कुमार और पुलिस बल शामिल रहे।

## रोटरी ग्रीन का सीपीआर ट्रेनिंग कार्यक्रम



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। मानगो एनएच स्थित मिथिला मोटर्स में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ग्रीन द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इसमें बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। रांची से पधारे प्रशिक्षकों राजू, राजेश, आशीष एवं सूरज कुमार ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए बताया सही विधि से दिये गये सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) से आपात स्थिति में किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होने जानकारी दी अकस्मात दिल का दौरा पड़ने से व्यक्ति की सांस या ड़कल रुक जाती है। जिसे सही तरीके से तुरंत सीपीआर देकर धड़कन बहाल किया जा सकता है, ताकि मरीज की धड़कन पुनः चालू कर आगे इलाज के लिए अस्पताल और चिकित्सक से संपर्क किया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कंपनी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।सीपीआर की सही विधि समझा। कार्यक्रम में रोटरी ग्रीन की अध्यक्ष अनन्ना दत्ता, सचिव नीलम जायसवाल, रीता मिश्रा, डॉ बीके गुप्ता आदि सहित मिथिला मोटर्स के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पीड़ित परिवार से मिले सामाजिक कार्यकर्ता और सबर समुदाय का प्रतिनिधिमंडल

चांडिल (आजाद सिपाही)। दलमा तराई क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना से पूरा इलाका स्तब्ध है। इस अमानवीय कृत्य की निंदा करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दीपक रंजीत और सबर समुदाय के नेता सुखलाल पहाड़िया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एमजीएम अस्पताल पहुंचे और पीड़िता एवं उसके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर सत्यनारायण मुर्मू, पंचायत के सबर समुदाय के बासुदेव सबर और चिलगु पंचायत के उप मुखिया राधा नाथ सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने पीड़िता एवं परिजनों से मुलाकात कर मानसिक एवं सामाजिक सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने डॉक्टरों से पीड़िता का बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। साथ ही मुआवजा और अन्य सरकारी सुविधाएं दिलाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी। दीपक रंजीत ने कहा कि यह केवल एक बच्ची के साथ हुई दरिंदगी नहीं, बल्कि समाज पर सामूहिक हमला है। पीड़िता को न्याय दिलाना और उसके परिवार को सुरक्षा एवं सहयोग उपलब्ध कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। झारखंडी समुदाय में पहले इस तरह की घटनाएं लगभग नहीं होती थीं, लेकिन बाहरी संस्कृति के प्रभाव में आने से अब बलात्कार जैसी कुप्रवृत्तियां समाज में प्रवेश कर रही हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है।

## टीम केडिया-कांवटिया अनुभव और युवाशक्ति का संगम, उद्योग, व्यापार और समाज के उत्थान का प्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के आगामी चुनाव 2025झ्27 को लेकर टीम केडिया एवं काँवटिया ने जुगसलाई, मानगो, परसुडीह एवं सिंहभूम के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान व्यापारियों,उद्योगपतियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने टीम को भरपूर समर्थन और आशीर्वाद दिया। मौके पर सचिव पद के उम्मीदवार ने कहा बीते कार्यकाल में चेंबर ने महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई ट्रेड फेयर और विशेष सत्र आयोजित किये। टीम ने महिला व्यवसायियों को कार्यकारिणी में सक्रिय रूप से शामिल किया था। इस परंपरा को टीम केडिया कांवटिया अपने



कार्यकाल में निरंतर आगे बढ़ायेगी। सचिव पद के उम्मीदवार सुरेश शर्मा ने कहा वे हमेशा समाज और प्रत्येक व्यापारी के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं। युवा अवस्था से ही मारवाड़ी युवा मंच, मारवाड़ी सम्मेलन, ब्राह्मण संघ जैसे संगठनों से सक्रिय होकर समाज सेवा करते आ रहे हैं। यही प्रतिबद्धता सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में भी निभा रहे हैं। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में सचिव के रूप में उन्होंने हर एक व्यापारी तक पहुंच कर उनके हितों की रक्षा की और लाभकारी पहल की।

टीम केडिया कांवटिया ने पुनः संकल्प लिया आने वाले कार्यकाल में भी व्यापारी वर्ग, उद्योग जगत एवं समाज के हर क्षेत्र में नवाचार, विश्वास और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, अनिल मोदी, भरत मकानी, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सुरेश शर्मा लिप्पू, हर्ष बाक्रेवाल, विनोद शर्मा, राजीव अग्रवाल, अंशुल रिंगसिया, अश्विनी कुमार अग्रवाल, मोहित मूनका, प्रतीक अग्रवाल, उमेश कुमार खीरवाल, विष्णु कुमार गोयल, दिलीप कुमार अग्रवाल, पवन कुमार नरेडी, अभिषेक काबरा, अमिश कुमार अग्रवाल, दीपक कुमार चेतानी, पियुष गोयल, प्रीतम जैन, रोहित काबरा, अजय कुमार अग्रवाल, आकाश मोदी, अमित संघी, मनीष गोयल, सुमन नागेलिया, बब्लू कुमार अग्रवाल, शुभम सेन, पंकज कुमार चोशालिया, विकास गढ़वाल, पियूष चुड़ीवाला, प्रांजल सरावगी, जय प्रकाश हीरवाल, महेश कुमार अग्रवाल, कौशिक मोदी, राजेश कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल और सौरभ संघी शामिल रहे।

## सीपी राधाकृष्णन भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर राजेश शुक्ल ने दी बधाई



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए प्रत्याशी सी पी राधाकृष्णन की शानदार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। श्री शुक्ल ने कहा राधाकृष्णन ने झारखंड ,महाराष्ट्र,तेलंगाना में राज्यपाल के रूप में भी सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने राज्यपाल रहने के दौरान झारखंड में उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। श्री शुक्ल ने कहा राधाकृष्णन से उनके निजी संबंध रहे। जब वे झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति थे तब उनसे उच्च शिक्षा के सुधार के लिए और विश्वविद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार मिलने का अवसर मिला था। उन्होंने कोल्हान विश्वविद्यालय के संस्थापक सिंडिकेट सदस्य के रूप में किये गये उन्नयन में योगदान की सराहना भी की। श्री शुक्ल ने कहा राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में अविराम गति से चल रहे भारत के विकास यात्रा को नयी ऊंचाई मिलेंगी। देश को एक नये शिखर पर ले जायेंगे। देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और भी मजबूती मिलेगी। साथ ही राज्यसभा को बेहतर ढंग से संचालन में प्रेरणादायक भूमिका निभायेंगे।

## राधाकृष्णन का अनुभव राष्ट्र के लिए अमूल्य : काले

- सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनने पर काले ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को बधाई देते हुए झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि उनका चयन पूरे देशवासियों के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड का यह विशेष सौभाग्य है कि जहां एक पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं, वहीं अब झारखंड के ही पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन देश के उपराष्ट्रपति पद की गरिमा बढ़ायेंगे। प्रदेश प्रवक्ता काले ने कहा कि राधाकृष्णन का संघर्षपूर्ण जीवन, अनुशासनप्रिय कार्यशैली और



राष्ट्रहित के प्रति समर्पण भाव पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे संविधान की मयार्दाओं एवं लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए भारत को नयी दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, उसमें नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का अनुभव और मार्गदर्शन निश्चित रूप से अमूल्य योगदान सिद्ध होगा।

## प्रकृति की रक्षा और जल, जंगल, जमीन को बचाये रखने का संकल्प सबको लेना चाहिए : विधायक सोनाराम सिंकू

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवा।** जगन्नाथपुर विधान सभा क्षेत्र विधायक सोनाराम सिंकू ने कहा सभी लोगों को एक साथ प्रकृति की रक्षा करने एवं जल, जंगल, जमीन को बचाये रखने का संकल्प लेनी चाहिए। साथ ही प्रकृति की रक्षा संकल्प के तहत प्रण लेनी चाहिए। आसपास खुशहाली, हरियाली को बनाए रखने में सहयोग करें और प्रकृति की रक्षा करें। उन्होंने कहा जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव में जीत का परचम लहराने में कडी मेहनत करनी पड़ी। क्षेत्र का विकास ही उनके जीवन का मुख्य ध्येय है। उन्होंने आंदोलनकारी व्यक्तित्व पर चर्चा



करते हुए कहा पूर्व में हाई स्कूल की पढ़ाई के दौरान आजसू पार्टी के साथ अंदोलनकारी के रूप जनसेवा का कार्य करने का प्रण लिया था। आंदोलनकारी सुर सिंह बबोंगा एवं मंगल सिंह बबोंगा के साथ कई आन्दोलन किए।जिन समस्या के निराकरण के लिए किए गए आंदोलन के तहत उन्हे जेल भी जाना पड़ा था। बंगाल एवं ओड़िशा की आर्थिक नाकेबंदी की आन्दोलन के सूत्रपात ने उन्हें चर्चे में लाया और लोगों के बीच पहचान बनी। उनका यह प्रयास सारंडा क्षेत्र में सड़कों एवं पुलिया का जाल बिछा दिया। जिससे आसपास के गांव शहरों से जुड़ जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी एवं बिजली की समस्या के समाधान हेतु वे सतत प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग से सड़कों का जाल गांव-गांव तक बिछाया जाना अत्यंत अनिवार्य है। मलूका क्षेत्र में पीसी सी सड़क के साथ पिच भी बनायी जा रही है। जिन क्षेत्रों में विगत 15 सालों से सड़क का नामोनिशान नहीं था, वहां सड़कों का जाल बिछाया गया। आज स्वाभाविक रूप से एंबुलेंस और चिकित्सा के साथ-साथ शादी विवाह में भी लोग आसानी इन क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

## डोभा में डूबने से किशोर की मौत



मेराल (आजाद सिपाही)। ग्राम पंचायत ओखरगाड़ा पूर्वी के धरनियां गांव के धुरियाही टोला में बने एक सरकारी डोभा में डूबने से एक किशोर की मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धरनियां गांव निवासी शकील अंसारी के पुत्र इबरान अंसारी 15 वर्ष दोपहर बाद अपने दोस्तों के साथ घर से खेलने के लिए निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर खेलने के बाद वह बगल के एक डोभा में अपने चार अन्य दोस्तों के साथ नहाने लगा, नहाने के क्रम में वह डोभा के गहरे पानी में डूब गया। दोस्तों द्वारा हो हल्ला करने पर पहुंचे ग्रामीणों में उसे पानी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी गांव में जंगल कि आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गये। परिजनों में कोहरा मच गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मेराल थाना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां अंत्य परीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

# अटल चौक पर दूसरी प्रतिमा स्थापित करने का भाजपाइयों ने किया विरोध



**जिला प्रशासन एक तरफ अतिक्रमण हटा रही है, वहीं चौक-चौराहों पर अतिक्रमण करवा रही है: रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने मझिआंव मोड़ पर प्रतिमा लगाने को लेकर झामुमो पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मझिआंव मोड़ चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी चौक के नाम से जाना जाता है। यह नाम पहले ही घोषित हो चुका है। लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी का प्रतिमा स्थापित नहीं किया गया है। वहीं अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद जिला प्रशासन आखिर किस परिस्थिति में किसी दुसरे का प्रतिमा लगाने का अनुमति दिया। उन्होंने जिला प्रशासन उपायुक्त से मांग किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रतिमा लगाने पर रोक लगायी जाये। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान हो रहा है। इससे जनभावनाओं का अपमान हो रहा है, अगर रोक नहीं लगाया गया तो तमाम आम जनमानस के साथ भाजपा कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने झामुमो पर प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो के तथाकथित लोग पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जैसे सर्वमान्य नेता का अपमान कर रहे हैं। वे एक ऐसा नेता थे जिसका विपक्ष भी सम्मान करता था। लेकिन राजनीति के चक्कर में झामुमो के लोग पुरी तरह को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिला प्रशासन मामले को देखते हुए अविलंब रोक लगाए। अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता जनता के साथ उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी सारी जबावदेही जिला प्रशासन की होगी। प्रेसवार्ता में भाजपा नेता संजय जायसवाल, नवीन जायसवाल आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नगर मंडल अध्यक्ष ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर अन्य प्रतिमा लगाये जाने पर रोक लगाने की मांग की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में मझिआंव मोड़ पर स्थापित हो रहे शाहिद अब्दुल हमीद की प्रतिमा लगाने के विरोध में गढ़वा उपायुक्त को ज्ञापन दिया गया एवं उपायुक्त से आग्रह किया कि पूर्व में मझिआंव मोड का नामकरण अटल चौक के रूप में गढ़वा नगर परिषद के बैठक में स्वीकृत किया गया है। जिसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से रखा गया है। उनकी प्रतिमा वहां लगाया जाने का निर्णय लिया गया है लेकिन कुछ लोगों के द्वारा जबरन वहां पर शहीद अब्दुल हमीद का प्रतिमा लगाकर भाईचारा बिगाड़ने और समाज में द्वेष फैलाना चाहते हैं। उपायुक्त को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि एक तरफ जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है और वहीं मझिआंवा मोड़ पर संकुचित जगह दो पुल के बीच में प्रतिमा लगाना अनुचित और अतिक्रमण को भी दर्शाता है। भाजपाइयों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा उपायुक्त से मांग करती है कि प्रतिमा लगाने का कार्य को अभिलंब रोका जाए। मांग पत्र देने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, विधायक प्रतिनिधि अरविंद पटवा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जयंत पांडे, मंडल कार्यकर्ता विशाल गुप्ता आदि शामिल थे।

# लवाही मंगरदह मंदिर परिसर पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों का विरोध तेज

**आस्था पर हमला बर्दाश्त नहीं, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही संवाददाता)।** प्रखंड के लवाही मंगरदाह मंदिर परिसर में अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर के चारों ओर कुछ लोगों द्वारा धीरे-धीरे अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे भविष्य में श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ और आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि यह मंदिर वर्षों से आस्था और विश्वास का प्रतीक रहा है, जहां दूर-दराज से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने आते हैं, लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व मंदिर की भूमि पर कब्जा कर निजी उपयोग में लाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बशरूदीन अंसारी ने मंदिर के पास स्थित कई नीम के पेड़ को काट दिया, जिसकी पूजा की जाती थी, और दावा किया जाता कि यह उसकी जमीन है। इतना ही नहीं, मंदिर की जमीन पर कब्जा जमाने के लिए ईंट-बालू गिराया गया और पेड़ काटने का झूठा आरोप मंदिर कमिटी के लोगों पर लगाकर उन पर केस भी कर दिया गया। ग्रामीण बलदेव साव, कामेश्वर चंद्रवंशी, लालबिहारी यादव, पप्पू यादव, उमेश पासवान, धर्मदेव ठाकुर, बलराम बैठा, सुनील चंद्रवंशी, राहुल पासवान और गोरेलाल साव सहित कई लोगों ने एक स्वर में कहा कि मंदिर परिसर पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लालबिहारी यादव ने कहा कि मंदिर हमारी आस्था और पहचान का प्रतीक है, और अगर यहां अतिक्रमण हुआ तो आने वाली पीढ़ियां इसे कलंक के रूप में याद करेंगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व में अंचलाधिकारी और एसपी को आवेदन दिया गया था, जिसमें स्पष्ट जांच और कार्रवाई की मांग की गयी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**दो दिनों के अंदर हो कार्रवाई नहीं तो होगा उग्र आंदोलन :** मंगलवार को मंदिर परिसर में बैठक के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी कि अगर दो दिन के भीतर सीओ, बीडीओ और थाना प्रभारी ने कार्रवाई नहीं की तो वे लवाही में सड़क जाम कर उग्र आंदोलन करेंगे।

उधर, सीओ जयशंकर पाठक ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और दोनों पक्षों को नोटिस भेजा गया है। जल्द ही जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुखिया बच्चा लाल ने कहा कि मंदिर परिसर की जमीन पर किसी भी हाल में अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल, फराठिया, गढ़वा ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से नि:शुल्क होम्योपैथिक दवा वितरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रो. (डॉ.) नंद किशोर प्रसाद और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें नेहा, अंजली, राजा आलम, श्वेता, अविनाश और आदित्य कुमार शामिल थे। शिविर में 60 से अधिक लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाएं प्रदान की गईं। सबसे अधिक मरीज शुगर, गठिया, एनीमिया और पेट में कीड़े की शिकायत से पीड़ित थे। चिकित्सकों ने लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभों और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इस शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ और लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिला।

## वाहन चेकिंग के दौरान पान मसाला लोड तीन छोटे मालवाहक वाहन जब्त


बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पान मसाला लोड तीन छोटे मालवाहक वाहन को पकड़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चेकिंग के दौरान अशोक ले लैंड कंपनी के दो छोटे मालवाहक वाहन और महेंद्रा कंपनी का एक पिकअप पकड़ा गया है। बताया गया है कि उक्त वाहनों से यूपी से पान मसाला और जर्दा श्री बंशीधर नगर एवं पलामू लाया जा रहा था। पकड़े वाहनों पर लोड पान मसाला के प्रस्तुत किये गये जीएसटी बिल एवं अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गश्ती के दौरान पान मसाला लोड तीन वाहनों को पकड़ा गया है।

## झामुमो की प्रखंड कमेटी का गठन, हरिदास बने अध्यक्ष



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला मे मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड की बैठक झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सभी तरह के पुराने प्रखंड कमेटी को भंग करते हुए नये प्रखंड कमेटी, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा की गठन व विस्तार पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष हरिदास तिर्की सचिव लौरेंस कुजूर सह सचिव अर्जुन राम उपाध्यक्ष सुमंगल टोप्पो, मिडिया प्रभारी अशोक प्रसाद अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह व महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रियंका कुमारी का चयन किया गया। वहीं उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप ने कार्यकर्ताओं को झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमो की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर मोबिन अंसारी, जोगेंद्र सिंह, प्रदीप तिर्की, अर्जुन मिंज, हारून रशीद, शिशिर मिंज चमन मिंज विपिन कुमार राम, राजमोहन केरकेट्टा सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने दी विदाई



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पदस्थापित रहे पंचायत सचिव परमानंद पाठक को सेवानिवृत्ति होने पर मंगलवार को गोंदा, चामा तथा मेराल पश्चिमी के बाद प्रखंड परिसर स्थित मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष और मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के साथ पंचायत प्रतिनिधियों तथा कई समाज सेवी और पंचायत कर्मी शामिल रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रमाण पाठक को सभी ने संयुक्त रूप से फूल माला पहनकर तथा अंग वस्त्र भेंट देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रखंड के प्रभारी कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, पंचायती राज एसोसिएशन प्रियंका कुमारी, पंचायत सचिव रेखा कुमारी, रोजगार सेवक निभा तिवारी, उप मुखिया अलिशेर अंसारी, वार्ड सदस्य विनोद चौधरी सहित उपस्थित लोगों द्वारा परमानंद पाठक को उपहार देकर भाविनी विदाई दी गयी।

# सोनपुरवा पंचायत में मनरेगा घोटाला: जनसेवक निलंबित, ग्राम रोजगार सेवक कार्यमुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**मझिआंव।** सोनपुरवा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत गंभीर अनियमितता के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जनसेवक श्रीकांत उपाध्याय को निलंबित कर रंका प्रखंड में पदस्थापित किया गया है, जबकि ग्राम रोजगार सेवक भिखारी राम को पूर्ण रूप से कार्यमुक्त कर दिया गया है। पंचायत के मुखिया अख्तर खान को चेतावनी देकर बरी कर दिया गया।

यह कार्रवाई उपायुक्त के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम द्वारा की गयी जांच रिपोर्ट के आधार पर की गयी। उपायुक्त कार्यालय के ज्ञापांक 627 (दिनांक 2/9/2025) के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान श्रीकांत उपाध्याय को सेवा नियम 96 के तहत मूल वेतन का आधा जीवनयापन भत्ता मिलेगा। ज्ञापांक 626 के तहत ग्राम रोजगार सेवक भिखारी राम की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

इस मामले की शिकायत सोनपुरवा निवासी आजाद अहमद सिद्दीकी ने की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी के नाम से फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा की राशि धोखाधड़ी से निकाली जा रही थी, जबकि उनकी पत्नी ने इस योजना के तहत कभी कोई कार्य नहीं किया। सिद्दीकी स्वयं एक ठेकेदार और आयकर दाता हैं।

## पंचायत उन्नति सूचकांक कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन सभागार में मंगलवार को पंचायत उन्नति सूचकांक (पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स-पीएआई) को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ बिमल कुमार सिंह, बीपीआरओ ओम प्रकाश सिंह, बीपीएम सत्येंद्र प्रजापति और मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ बिमल कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण और चिन्हित विषयगत क्षेत्रों के साक्ष्य-आधारित अनुश्रवण एवं विकास के विभिन्न मानकों का आकलन करने के लिए पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह पहल शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि पंचायतों से संबंधित सूचनाओं और आंकड़ों को पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा और बेहतर अंक प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। बीडीओ ने कहा कि ग्राम स्तर पर योजनाओं की निगरानी, मूल्यांकन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स लागू किया गया है। इस प्रणाली से समाज के सभी वर्गों के लोगों तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचेगा और विकास कार्यों में तेजी आयेगी।

प्रशिक्षण के पश्चात बेहतर कार्य करने वाले पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## निश्चय मित्र दिवस पर सम्मान समारोह

मझिआंव (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव में निश्चय मित्र दिवस के अवसर पर मंगलवार को 'निश्चय मित्र सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 19 मरीजों को फूड बास्केट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राज कुमार पांडेय ने 07 मरीजों को, डॉ. पूनम कुमारी ने 05 मरीजों को, डॉ. वीर प्रताप सिंह ने 05 मरीजों को तथा कन्हैया कुमार (रळर) ने 02 मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए। समारोह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ सभी डॉक्टर, नर्स एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मरीजों के स्वास्थ्य सुधार एवं नियमित देखभाल को लेकर जागरूकता संदेश भी दिये गये।

# केतार: ग्रामीणों ने उपायुक्त से प्रभारी प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय-ताली में करीब 22 वर्षों से पदस्थापित प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडेय को तत्काल हटाने को लेकर सक्रिय प्रबंधन समिति के सदस्य रामराज गुप्ता, नीतीश भारद्वाज ने उपायुक्त को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। आवेदन में ग्रामीणों ने लंबे समय से एक ही विद्यालय में पदस्थापित रहने के कारण प्रधानाध्यापक मनमाने ढंग से कार्य करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ली जाती है। साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मध्याह्न भोजन (एमडीएम) में भारी अनियमिततायें बरतने का शिकायत किया है। बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय बिकास की राशि बिना समिति की सहमति के मनमाने तरीके से खर्च की जाती है, जिससे संसाधनों का सही उपयोग नहीं हो पा रहा। अभिभावकों और समिति के सुझावों को भी प्रधानाध्यापक नजरअंदाज करते हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार पांडेय का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, ताकि विद्यालय की व्यवस्था सुधर सके और बच्चों की शिक्षा पर सकारात्मक असर पड़े।

# मुखिया ने मंदिर परिसर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर सीओ को सौंपा हस्ताक्षर युक्त आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर को झारखंड सरकार के पर्यटक स्थल विभाग से पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त है। इस मंदिर परिसर में छठ महापर्व के अवसर पर अपने प्रदेश सहित आधे दर्जन प्रदेश के लाखों व्रतधारी अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 31 अगस्त 2025 को गांव के ही अशोक पासवान, संतोष पासवान और अनूप पासवान पिता - स्व. नथुनी पासवान के द्वारा मंदिर परिसर की भूमि पर अतिक्रमण कर जबरन जुतायी कर दी गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि वर्षों से मंदिर की संपत्ति मानी जाती रही है, और किसी भी प्रकार की निजी खेती या निर्माण कार्य कभी नहीं किया गया। इस भूमि का स्वामित्व स्वर्गीय सालिक सिंह है। जिन्होंने मंदिर परिसर की मर्यादा को बनाए रखते हुए कभी भी उस क्षेत्र में खेती नहीं की। वर्तमान में आरोपित पक्ष खाता संख्या 148, प्लॉट संख्या 912 का हवाला देकर जमीन पर दावा कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों द्वारा कागजात केवला की मांग किये जाने पर उसे दिखाने से इंकार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इन लोगों के द्वारा अवैध तरीके से भूमि का ऑनलाइन मोशन और नीलामी करा रहे हैं, और विरोध करने पर ग्रामीणों को अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम के तहत झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी तथा जिला प्रशासन से मामले की जांच कर, मंदिर परिसर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ भूमि का नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का अपमान है। ऐसे में मंदिर परिसर की जमीन पर अतिक्रमण न केवल कानूनी उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए भी खतरा बन सकता है।

# टीडीएम कॉलेज में पुरस्कार वितरण सह शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**माता-पिता देते हैं जीवन, सार्थक बनाते हैं शिक्षक :देव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पुरस्कृत किये गये विद्यार्थी :** कॉलेज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका ममता कुमारी के निर्देशन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अंतिमा कुमारी, रूबी कुमारी, शिबू कुमारी, संतन कुमार, रवि कुमार, अनीता कुमारी, तान्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, रोहित, लालसा, रीमा कुमारी, निशा कुमारी, शोभा कुमारी, लाडली कुमारी और बेबी कुमारी को अतिथियों ने उपहार देकर पुरस्कृत किया।

**श्री बंशीधर नगर।** टीडीएम इंटर कॉलेज अधौरा श्री बंशीधर नगर गढ़वा में मंगलवार को पुरस्कार वितरण सह शिक्षण सम्मान समारोह (शिक्षक दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, प्राचार्य धनंजय सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती और डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन जी की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महाविद्यालय प्रशासन ने बुके प्रदान कर और छात्रा तान्या एवं समूह ने स्वागत गीत सह नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए महाविद्यालय के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भाग्य विधाता होते हैं। माता पिता भले ही उन्हें जीवन देते हैं परंतु उस जीवन को सार्थक शिक्षक ही बनाते हैं। शिक्षकों का सच्चे मन से सम्मान मात्र से विद्यार्थियों का जीवन धन्य हो जाता है। इस मौके पर प्राचार्य धनंजय सिंह ने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध होता है।

उक्त अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों और अतिथियों को कलम और डायरी देकर सम्मानित किया। मौके पर अतिथि इंद्र प्रताप देव, संजय प्रताप देव, सुशील कुमार सिंह, उपस्थित थे। जबकि संचालन शिक्षक विवेक कुमार सिंह ने किया।

# उपायुक्त के निर्देश पर अबुआ आवास योजना के लाभुकों का हुआ सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत में अबुआ आवास योजना में अयोग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें आवास दिये जाने को लेकर भवनाथपुर बीडीसी चंदन ठाकुर द्वारा लिखित शिकायत के आलोक मंगलवार को मामले की जांच की गयी। उपायुक्त के निर्देश पर जांच करने पहुंचे भूमि सुधार उप समाहर्ता परमेश्वर कुशवाहा ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों के घर-घर जाकर मामले की बारीकी से सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में जिन अयोग्य लाभुकों की शिकायत की गयी थी, इस मामले में सभी पहलुओं पर सघन जांच की गयी है। उन्होंने इसकी जांच प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपने की बात कही। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम, रंजीत कुमार, पंचायत सचिव नवनीत कुमार, पीएमएआई के समन्वयक अशोक कुमार मौजूद थे।

जांच टीम अबुआ आवास योजना के लाभुक संगीता देवी का आवास जांच किया, इस दौरान लाभुक वहां मौजूद नहीं थी, इसके बाद जांच अधिकारी किराए के मकान में रह आवास विहीन लाभुक संगीता से पूछताछ किया जहां उसने बताया कि बीडीसी चंदन ठाकुर आवास दिलाने के एवज में 10 हजार रुपये मांगे थे, तो तीन हजार रुपये उन्हें दी थी। वें 7 हजार रुपये के लिए लगातार मुझे परेशान कर रहे थे, असमर्थता जताने पर वे गाली गलौज कर आवास जांच कराने की धमकी देते रहे है। बताया कि मेरे पहले पति मुझे छोड़ दिया है, कुछ समय के लिए बबन पासवान मुझे पत्नी का दर्जा दिया, लेकिन वे भी मुझे अब छोड़ चुके है। मैं किसी तरह अपने बाल बच्चों का पालन पोषण कर रही हूं। जबकि संगीता देवी के पूर्व पति बबन पासवान की घर जांच के दौरान बबन पासवान ने बताया कि मेरी दूसरी पत्नी संगीता देवी को बीडीसी चंदन ठाकुर चाहने लगा था, और उसे अपने साथ रखने के लिए दबाव बनाता था, ये सब देखकर मैने अपनी दूसरी पत्नी को छोड़ दिया हूं।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


### दशहरा में विधि-व्यवस्था संधारण और आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक

# डीसी ने दशहरा के दिन पुतलों की उंचाई सीमित रखने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में दशहरा-2025 एवं आगामी पर्व-त्योहारों में विधि-व्यवस्था संधारण और आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रशासक, नगर परिषद को नगर क्षेत्र में नालियों, कूड़े-कचरे की साफ-सफाई, ब्लीचिंग का छिड़काव, खुली नालियों को ढंके जाने का निर्देश दिया गया। साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया। नगर क्षेत्र में जहां पेयजल की समस्या है उसका निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही, स्ट्रीट लाइट ठीक किये जाने का भी निर्देश दिया गया। अग्निशमन पदाधिकारी, लोहरदगा को अग्नि से बचाव के तरीकों से संबंधित मॉक ड्रिल नियमित रूप से कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, फायर ब्रिगेड वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, विद्यालयों, अस्पतालों, पुलिस लाईन और अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में भी जागरूकता हेतु मॉक ड्रिल आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। यातायाता प्रभारी लोहरदगा को दशहरा-2025 के दौरान महत्वपूर्ण तिथियों एवं रावण दहन के दिन ट्रैफिक रूट डायवर्ट करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। रावण दहन के दिन पुतलों की उंचाई सीमित रखने, बक्सीडीपा में आयोजित होनेवाले रावण दहन कार्यक्रम स्थल के पास पार्किंग एरिया चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पूजा पंडालों में और रावण दहन कार्यक्रम स्थलों पर जिला कंट्रोल रूम का संपर्क संख्या प्रसारित कराने और कंट्रोल रूम में जनप्रतिनिधियों का संपर्क संख्या उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को झूलते हुए बिजली के तारों की उंचाई मानक के अनुरूप करने, झुके हुए बिजली के खंभों को सीधा करने और अनावश्यक बिजली के खंभों को हटाये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में दुर्गा पूजा पंडालों में बिजली के तारों की उंचाई सुनिश्चित करने, दुर्गा पूजा के दौरान मुख्य पथ में अतिक्रमण, पूजा पंडालों में सीसीटीवी अधिष्ठान, नगर क्षेत्र में सीसीटीवी की स्थिति, पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडालों में वोलेंटियर्स की तैनाती, ध्वनि प्रदूषण से संबंधित दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराये जाने समेत अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिये गये।

## सरयू घाटी में गार्डवाल टूटा, हादसे का खतरा



**सरयू (आजाद सिपाही)।** सरयू लातेहार मुख्य मार्ग पर स्थित सरयू घाटी में बीते दिन मूसलाधार बारिश के कारण गार्डवाल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके कारण मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के साथ कभी भी बड़ी अनहोनी की आशंका बन गयी है। राहगीरों का कहना है कि यदि समय रहते टूटे हुए गार्डवाल की मरम्मत नहीं की गई तो लोग कभी भी गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। वहीं लगातार तेज बारिश के कारण मुख्य मार्ग भी क्षतिग्रस्त होने की कगार पर है। अगर सड़क टूट गयी तो इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से अविलंब गार्डवाल की मरम्मत कराने और सड़क की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# हंगामे के साथ इको विकास समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव, दूसरे प्रत्याशियों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पीटीआर उत्तरी के डिप्टी डायरेक्टर पीके जेना के निर्देश पर बेतला के जनता लॉज परिसर में आयोजित ग्रामसभा मे रेंजर उमेश कुमार दूबे की उपस्थिति में घंटो हंगामे के बीच संपन्न हो गयी। वही वन कर्मियों की उपस्थिति ग्रामीणों से रजिस्टर में उनका हस्ताक्षर कराया जा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर अध्यक्ष पद के तीन दावेदारों साजिर अंसारी, मुकेश भुइयां और अनिश अंसारी के बीच नोंकझोंक शुरू हो गयी और आपस में मारपीट करने लगे। बाद में स्थिति और बिगड़ी लगी। शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वन-प्रबंधन को बरवाडीह थाना से पुलिस बल मंगवाना पड़ा। जब पुलिस बल पहुंचा तो वहां पर सिर्फ एक पक्ष साजिद अंसारी के समर्थक मौजूद थे। अन्य सभी भगदड़ के कारण भाग गए। स्थिति को देखते हुए वन-प्रबंधन ने मुखिया समेत अन्य उम्मीदवारों को अपने समर्थकों के साथ ग्रामसभा में पुनः आने की जानकारी दी। पर सभी ने दुबारा आने में असमर्थता जतायी। नतीजतन पुलिस प्रशासन की मौजूदगी और पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव की अध्यक्षता में ग्रामसभा करायी गयी। ग्रामसभा मे मौजूद 180 पुरुष और 129 महिलाओं ने साजिद अंसारी के पक्ष में समर्थन दिया। इस तरह साजिद अंसारी को अध्यक्ष पद के लिए 309 मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। ग्रामसभा में रेंजर उमेश कुमार दूबे, सांसद प्रतिनिधि मोहिबुद्दीन अंसारी, वनपालसंतोष सिंह, रामकुमार, शशांक शेखर पांडेय, बरवाडीह थाना के एसआई उपेंद्र सिंह समेत कई लोग मौजूद थे। वही इडीसी गठन करने को लेकर बेतला में आयोजित ग्राम सभा में अध्यक्ष पद के विपक्षी उम्मीदवारों अनिश अंसारी और मुकेश भूईंया ने बरवाडीह थाना में आवेदन देकर अध्यक्ष पद के विजयी घोषित साजिद अंसारी और उसके 7 अन्य समर्थकों पर मारपीट कर घायल करने और वन विभाग के अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर चुनाव जीतने का सीधा आरोप लगाया है। वहीं मामले में थाना प्रभारी अनूप कुमार ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## लातेहार के गांधी इंटर कॉलेज में स्टूडेंट मोबिलाइजेशन सेमिनार का आयोजन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला नियोजनालय, लातेहार द्वारा नियोजनालय जागरूकता एवं निबंधन कार्यशाला-सह-स्टूडेंट मोबिलाइजेशन सेमिनार का आयोजन गांधी इंटर कॉलेज, लातेहार में किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के प्राचार्य ने जिला नियोजन पदाधिकारी एवं जिला नियोजनालय के सभी कर्मी का स्वागत किया। तत्पश्चात जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए जिला नियोजनालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया एवं जिला नियोजनालय में सभी को अपना निबंधन कराने की अपील की। साथ ही श्री कुमार ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को भविष्य संवारने के लिए प्रतियोगिता की तैयारी कर रोजगार से कैसे जुड़ सकते हैं, इससे अवगत कराया। साथ ही श्री कुमार ने सरकार के द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर भी अपना भविष्य संवार सकते हैं, इसकी जानकारी बच्चों के बीच में सांझा किया। अंत में कॉलेज के प्राचार्य ने जिला नियोजन पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए आग्रह किया कि समय- समय पर बच्चों के बीच आकर इस तरह का आयोजन किया जाये।

# मोमिन कांफ्रेंस के सम्मेलन में शामिल होंगे धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मोमिन कांफ्रेस के संयोजक व महासचिव हाजी जबारूल अंसारी के अगुवाई में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से मुलाकत कर आगामी 14 सितंबर को लोहरदगा ब्लॉक स्थित टाउन हॉल में जिला सम्मेलन आयोजित होना है। जिसको लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को आमंत्रित किया गया। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति प्रदान की हैं। इस सम्मेलन में मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी और प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी मुख्य रूप से शामिल होंगे। सम्मेलन में जिले के मोमिन समाज की दशा-दिशा, शिक्षा, रोजगार, राजनीति में उनकी भूमिका और भागीदारी पर चर्चा होगी। समाज की वास्तविक स्थिति पर विचार किया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी, प्रदेश के सभी जिलों के मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और महासचिवों को आमंत्रित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के संयोजक और महासचिव हाजी जबारूल अंसारी ने सुझाव दिया कि सभी प्रखंडों का दौरा कर प्रचार-प्रसार को मजबूत किया जाये। प्रत्येक प्रखंड स्तर पर बैठक कर वहां की कमेटियों को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। इसके लिए एक वर्किंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में सवारत हुसैन, मोजमिल अंसारी, सेराज अंसारी, जिला महासचिव शरीफ अंसारी, जहूर अंसारी, यूथ मोमिन अध्यक्ष ऐनुल अंसारी, नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। बैठक में मोजाहिर अंसारी, इलयास अंसारी, इम्तियाह अंसारी, जुल्फान अंसारी, नसीम अंसारी, रुस्तम अंसारी, हातिम अंसारी, फिरोज अंसारी, सज्जाद अंसारी, मोजेबुल अंसारी, युनुस अंसारी, मजीबुल अंसारी, समीउल्लाह अंसारी, इदरीस अंसारी, अजमुल अंसारी, अख्तर अंसारी, एजाज अंसारी, इनामुल अंसारी, रबुल अंसारी और हाजी तौहीद आलम अंसारी भी उपस्थित थे।

## लोहा पाइप और एंगल पट्टी के नीचे दबकर मजदूर की मौत

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना रोड स्थित शुभम इंटरप्राइजेज में लोहा का पाइप एवं एंगल पट्टी उतारते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। एंगल पट्टी व पाइप के नीचे दबकर हुसैन अंसारी (27 वर्ष), पुत्र जाकिर अंसारी की मृत्यु हो गयी। वह कुम्हारिया अंबाटोली गांव का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 10 बजे हुई। एंगल पट्टी उतारने के दौरान अचानक पट्टी एवं पाइप गिर गए और हुसैन अंसारी उसके नीचे दब गया। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंगल पट्टी को हटाकर उसे निकाल लिया। घायल हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि, रिम्स ले जाते समय रास्ते में हुसैन अंसारी ने अंतिम सांस ली।

## ठकुराइन तालाब में दीवार या ग्रिल लगाने की मांग



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गुदरी बाजार में स्थित ठकुराइन तालाब के पूर्वी किनारे पर सुरक्षा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं किए जाने से यह इलाका मौत का कुआं बनता जा रहा है। कई बार अनजाने में मोटरसाइकिल सवार गाड़ी सहित तालाब में गिर चुके हैं। हाल ही में भी ऐसा एक हादसा सामने आया, जिससे इलाके में खौफ व्याप्त है। स्थानीय लोग, विशेष रूप से दुर्गा पूजा जैसे बड़े पर्व के दौरान बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक के चलते सुरक्षित मार्गों की बजाय शॉर्टकट गलियों का उपयोग करने को मजबूर होते हैं। इससे बड़े हादसे की आशंका और अधिक बढ़ गयी है। आजसू केंद्रीय सचिव और संरक्षक केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, सूरज अग्रवाल ने जिला प्रशासन एवं लोहरदगा नगर परिषद से त्वरित संज्ञान लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि बिना समय गवाएं तत्काल वॉल या ग्रील लगाकर इस संवेदनशील स्थल को सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर प्रशासन ने जनता की सुरक्षा को नजरअंदाज किया तो आने वाले समय में किसी बड़े हादसे की जिम्मेदारी पूरी तरह से नगर परिषद पर होगी। सूरज अग्रवाल ने कहा, ॰लोहरदगा नगर परिषद सिर्फ टैक्स वसूलने में माहिर हो गयी है, लेकिन नागरिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देती। दुर्गा पूजा के समय और अधिक भीड़भाड़ के मद्देनजर प्रशासन को सचेत होकर आवश्यक कदम उठाना चाहिए। इस मुद्दे पर यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो आजसू पार्टी तेज आंदोलन के माध्यम से न्याय दिलाने का संघर्ष शुरू करेगी।

## पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभा भवन में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने की, जबकि बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं उपप्रमुख राजमुनी उरांव सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रखंड स्तरीय विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी आवास योजना के कोऑर्डिनेटर नितलेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री और अबुवा आवास योजनाओं का प्रथम किस्त सभी लाभुकों को भेज दिया गया है। जो लाभुक आवास कार्य शुरू नहीं किये है उनको नोटिस एव राशि वापसी कराया जा रहा है। जबकि प्रभारी एमओ सचितानंद साहू ने बताया की अगस्त माह तक का राशन और धोती-साड़ी वितरण हो चुका है जबकि सितम्बर माह का राशन वितरण जारी है। मनरेगा बीपीओ अभिषेक किशोर ने कहा कि वर्तमान में मिट्टी का कार्य बंद है और पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। कार्यस्थलों पर पुरुष-महिला अनुपात 3 :1 रखने का निर्देश दिया गया है। आइसीडीएस विभाग से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें कम उम्र दर्ज होने से लाभ से वंचित रह रही महिलाओं का मुद्दा उठाया गया। बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने आपदा प्रबंधन और राजस्व से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगलगी में झोपड़ी क्षति पर 12 हजार रुपये, पशु मृत्यु पर 25 हजार रुपये और सर्पदंश या डूबने से मृत्यु पर चार लाख रुपये का अनुदान मिलता है, लेकिन इसके लिए पोस्टमार्टम अनिवार्य है।

## पूर्व पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह पुण्यतिथि मनायी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य के प्रथम वन एवं पर्यावरण मंत्री यमुना सिंह की पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी गयी। पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन बरवाडीह राजा मेदिनी राय इंटर कॉलेज में स्थापित यमुना सिंह के प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया गया। वही पुण्यतिथि कार्यक्रम में बरवाडीह पश्चमी क्षेत्र के जिप सदस्य संतोषी शेखर, पश्चमी जिप सदस्य कन्हाई सिंह विधायक) प्रिंसिपल अश्वनी मिश्रा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोगों शामिल हुए। जहां सभी ने बारी बारी से यमुना सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित और माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पण किया। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल और प्रोफेसर के द्वारा भी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मौजूद जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यमुना सिंह के जीवन काल और राजनीतिक काल काफी संघर्ष के साथ-साथ क्षेत्र के प्रति समर्पण से भरा रहा था जहां उन्होंने अपनी पहचान झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में हाथी सिंह के रूप में स्थापित की थी। पूर्वी जिला परिषद कन्हाई सिंह ने कहा की यमुना सिंह हम सभी के अभिभावक थे और उन्होंने अपने विधायकी और मंत्री कल के दौरान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई बड़ी उपलब्धियां को दर्ज करने का काम किया था जो आज भी सभी के लिए फायदे वाल साबित हो रहा। इस दौरान मौके पर प्रखंड ल भाजपा के नेता मनोज प्रसाद,दिलीप सिंह यादव, कन्हाई प्रसाद,विष्णु प्रसाद मनोज यादव, सुनील कुमार सिंह, पारस जायसवाल सुजीत सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री रामचरितमानस नवाह्न पाठ महायज्ञ समिति की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्री रामचरितमानस नवाह्नम पाठ महायज्ञ समिति की एक बैठक ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र खत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक पर इस वर्ष श्री रामचरितमानस नवाह्नम पाठ महायज्ञ धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने पर जोर दिया गया। इसके लिए नवरात्र के प्रथम दिन 22 सितंबर 2025 को कलश स्थापना के लिए पावरगंज देवी मंडप से सुबह 7:30 भव्य कलश शोभा यात्रा लोहरदगा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में आधुनिक एवं पारंपरिक ढोल- नगाड़ों, झंडे पताको के साथ-साथ कलश को रथ पर सुशोभित कर निकली जायेगी। इस कलश शोभायात्रा में सभी सनातन धर्मावलंबियों को अवश्य शामिल होने की आग्रह की गयी है। बैठक का संचालन सचिव अजय मित्तल ने किया और जल्दी ही एक आवश्यक बैठक रखी जायेगी।

# जन शिकायत निवारण में 24 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया।

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। ग्राम/पो मटलौंग, थाना मनिका के निवासी नंदकेश लोहरा ने उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने की मांग की। उन्होंने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि बरसात के दिनों में उनका घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे उनके परिवार को रहने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को अग्रसारित कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से 24 आवेदन प्राप्त हुए जो भवन निर्माण के भुगतान के संबंध में, विगत एक वर्ष से बंद पड़े सिटी लाइब्रेरी खोलने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में, चौकीदारी नियुक्ति की सूची के संबंध में, अबुआ आवास का अग्रिम राशि वापस करने में असमर्थ रहने के सम्बन्ध में, भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर ग्रामीणों ने किया समाधान



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चुरकु महुवाटोली में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान जय चला महिला मंडल द्वारा राशन वितरण की गड़बड़ी का शिकायत पर ग्रामीणों द्वारा आपस मे बैठक कर समस्या का समाधान किया गया। वही ग्रामीणों ने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देते हुए उन के समक्ष समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि कार्डधारियों को समय से राशन नही मिलता है। प्रत्येक कार्डधारियों से अधिक मात्रा में राशन का कटौती किया जाता है। राशन कार्ड का केवाइसी नही होने का बात बोल कर राशन नही दिया जाता है। जिसे मौके पर मौजूद प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार वर्मा ने जय चला महिला मंडल के पीडीएस दुकान संचालक को निर्दर्श देते हुए कहा कि सभी कार्डधारी ग्रामीणों के बीच समय से राशन वितरण करें। इस विषय पर ग्रामीणों का विवाद बढ़ता देख गांव के युवा समाज सेवी अरविन्द उरांव और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को समाधान करते हुए कहा कि चुरकु, निमटोली,खक्सीटोली,सुरसुरिया और महुवाटोली के ग्रामीणों को समय निर्धारित कर बारी-बारी से राशन वितरण के लिये निर्देश दिया गया। मौके पर वीरेंद्र उरांव,चन्द्रपाल भगत,चन्दा भगत,महेश उरांव, शांति देवी, गीता उरांव,सितमुनी उरांव समेत सैकड़ो ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## छिपादोहर और नेतरहाट पुलिस ने माओवादी एरिया कमांडर के घर चिपकाया इश्तेहार



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए पुलिस ने मंगलवार को भाकपा माओवादी संगठन के एरिया कमांडर मृत्युंजय भुइयां उर्फ फ्रेश भुइयां के घर न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार चिपकाया हैं। यह कार्रवाई पुअनि कामता कुमार के नेतृत्व मे छिपादोहर थाना प्रभारी मो यकीन अंसारी के सहयोग से की गयी। पुअनि कामता कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नक्सली मृत्युंजय भुइयां के विरुद्ध नेतरहाट थाना में कांड संख्या 11/23 के तहत मामला दर्ज है। वह लंबे समय से फरार चल रहा है और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत है। मंगलवार को चलाये गये विशेष अभियान के तहत पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के नावाडीह गांव के चकलवा स्थित उसके घर के साथ-साथ क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी इश्तेहार चिपकाये। साथ ही अपील की है कि सरकार के नीतिओं के आत्म समर्पण करे या न्यायालय में प्रस्तुत हो।

# 'रीडिंग कैंपेन 2025: मेरी किताब, मेरी कहानी' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने और शिक्षा की मजबूत नींव रखने के उद्देश्य से लोहरदगा ज़िले में 'रीडिंग कैंपेन-2025' का आयोजन 15 अगस्त से 3 सितम्बर 2025 तक किया गया। यह अभियान पूरे ज़िले में उत्साह और सक्रिय सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। अभियान के दौरान लोहरदगा के सभी प्रखंडों और विद्यालयों में विविध गतिविधियां आयोजित की गयी। 15 अगस्त को राज्य के द्वारा मोबाइल लाइब्रेरी वैन का शुभारंभ किया गया, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकों तक सरल पहुंच उपलब्ध हुई। 20 अगस्त को प्लेज रीडिंग टाइम (पठन प्रतिज्ञा) आयोजित किया गया। 25 अगस्त मुख्य वाचन एवं जोड़ों में पठन संपन्न हुआ। 27 अगस्त को विद्यालय स्तर पर अभिनय एवं नाटक प्रस्तुत किये गये। 29 अगस्त को कहानी कथन (स्थानीय लोककथाओं सहित) आयोजित किया गया। 1 सितम्बर को रीड-अ-थॉन (एक साथ पठन) का आयोजन किया गया। 3 सितम्बर को सम्मान समारोह एवं अभिभावक गतिविधि कैलेंडर चर्चा संपन्न हुई। वही राज्य स्तरीय सेमिनार प्रारंभिक शिक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। इस अभियान में उल्लेखनीय संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभायी। कुल 33,826 विद्यार्थियों ने गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें 15,983 छात्र एवं 17,843 छात्राएं शामिल थीं। 438 विद्यालयों ने इस अभियान में सहभागिता की। 659 शिक्षकों ने सक्रिय योगदान दिया। 44 सरकारी अधिकारियों ने भी गतिविधियों में भागीदारी निभायी। अभियान के उद्देश्य बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि और पठन संस्कृति को बढ़ावा देना। विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं पठन कौशल का विकास करना। अभिभावकों और समुदाय को विद्यालयी गतिविधियों से जोड़ना। लोहरदगा ज़िला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पिरामल फाउंडेशन, टाटा सिनी एवं क्विस्ट अलाइंस और विभिन्न समुदाय के लोगों ने इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया। यह पहल बच्चों को किताबों से जोड़कर उनके जीवन में पढ़ाई को आनंद और परिवर्तन का साधन बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुई।

आजाद सिपाही

रांची, बुधवार, 10 सितंबर, 2025

www.azadsipahi.in

09


## मोबाइल हैकिंग कर साइबर अपराधी व्यतिगत डेटा का कर रहे चोरी : थाना प्रभारी



जानकारी देते थानेदार व वॉट्सएप हैक का स्क्रीन शॉर्ट।

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में मोबाइल हैकिंग का मामला इन दिनों गंभीर बना गया है। साइबर अपराधी व्यक्तिगत डेटा चुराकर उसका दुरुपयोग कर रहे हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में विश्रामपुर में ही नहीं बल्कि पूरे पलामू जिला में हजारों लोगों का मोबाइल हैक हो चुका है। हैक होने से पहले मोबाइल पर वॉट्सएप मैसेज के माध्यम से अनजान लिंक आ रहा है। जैसे ही उस लिंक को लोग टच कर रहें हैं, वैसे ही मोबाइल हैक हो जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुये बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने लोगों से अपील किया कि हैकिंग से बचने के लिए मोबाइल में आये किसी भी तरह का कोई भी लिंक ओपेन नहीं करें, अन्यथा साइबर अपराधियों का शिकार बन सकते हैं। जिससे हैकर्स फोन से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ईमेल, बैंकिंग, क्रेडेंशियल सहित अन्य संवेदनशील डेटा चुरा सकते है। उन्होंने कहा कि लोगों को साइबर अपराधियों से सावधान रहने को जरूरत है। अगर आपका फोन हैक होता है तो तुरंत पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें ताकि समय रहते कार्रवाई किया जा सके।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज प्रबंधन दृढसंकल्पित : प्राचार्य



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र हुसैनाबाद के छात्र-छात्राओं के बीच मंगलवार को परिचय पत्र व डायरी का वितरण किया गया। आईटीआई के छात्र-छात्राएं परिचय पत्र और डायरी पाकर काफी खुश नजर आये। इस मौके पर औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य दीन मोहम्मद अंसारी ने कहा कि छात्रों के बीच डायरी और परिचय पत्र का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि आईटीआई प्रबंधन विद्यार्थियों के जॉब प्लेसमेंट को लेकर भी गंभीर है, समय-समय पर भारत की बेहतर कंपनियां औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र पहुचकर छात्र-छात्राओं को आकर्षक वेतनमान के साथ जॉब प्लेसमेंट दे रही हैं। मौके पर अभिभावक हसन खलीफा, इलेक्ट्रिशियन शिक्षक, शोभित बनर्जी, फिटर शिक्षक पंकज कुमार, मैकेनिकल डीजल के शिक्षक मारूफ आजम समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर पर्यवेक्षक ने किया राय मशविरा



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चयन प्रक्रिया में मंगलवार को अंतिम दिन पलामू परिसदन भवन में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी सोशल सेक्टर के लोग और आम जनों के राय मशवरा के लिए आईसीसी से नियुक्त जिला पर्यवेक्षक सीईसी के सदस्य पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अमि याग्निक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक केदार पासवान ने सभी लोगों से एक एक कर मिलकर जिला अध्यक्ष के लिए सबसे शुटेबल कैंडिडेट कौन हो सकता है जो सभी वर्ग समुदाय को लेकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें इसके लिए सभी का नाम मजबूती पक्ष क्या कमियां क्या है यह जानने का कार्य किया गया। उनके संदर्भ में उम्मीदवारों की जानकारी इकट्ठा की गयी एवं पैनल निर्माण हेतु सभी को संग्रहित कर अग्रसर कार्रवाई हेतु सूची भेजा जायेगा।

## देवघर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चयन प्रक्रिया स्थगित

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मलेंद्र राजन के नेतृत्व में 6 सितंबर से जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान देवघर जिला कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के साथ देवीपुर, मधुपुर, मोहनपुर, सारवां, सारठ और पालोजोरी प्रखंड में कांग्रेस कमिटी की बैठक कर प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं से वन टू वन मीटिंग की गयी। पर्यवेक्षक मलेंद्र राजन को अपने क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने और राहत पहुंचाने के लिए जाना पड़ा, जिसके कारण कार्यक्रम को बीच में स्थगित कर दिया गया। अब वे 11 या 12 सितंबर को देवघर पहुंचकर शेष सभी प्रखंड और नगर कांग्रेस कमिटी के साथ बैठक करेंगे और जिला अध्यक्ष चयन के लिए निर्धारित कार्य पूरे करेंगे। बाकी संगठन सृजन के तहत अन्य कार्य पूर्ववत जारी रहेगा। भारतीय सेना के अग्निवीर नीरज चौधरी की शहादत की खबर सुनकर देवघर जिला कांग्रेस परिवार ने गहरी संवेदना प्रकट की है। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी होने का आश्वासन दिया।

## अग्रिम राशि लेकर आवास नहीं बनाने वालों को दिया गया आखिरी मौका

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगरीय प्रसाशन ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभुकों के साथ बैठक की। कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने लाभुको को आवास निर्माण कार्य मे तेजी लाने को कहा। इस दौरान 42 वैसे लाभुक जो अग्रिम राशि लेकर आवास का निर्माण नहीं करा रहे हैं, उन्हें कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने अंतिम मौका दिया। उन्होंने इन लाभुकों को सितंबर माह के अंत तक हर हाल में आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कराने को कहा। लाभुकों ने भी आवास निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का हामी भरते हुये इस संबंध में एक स्वघोषणा पत्र भी नप कार्यालय को समर्पित किया। बैठक में सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह, सीएलटीसी इरशाद आलम, सुपरवाइजर सुमित कुमार गुप्ता, दीपक वर्मा, मुबारक अंसारी, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, रमेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## खास महाल लीज दर कम होने का वित्त मंत्री ने दिया संकेत : आनंद शंकर

रेजिडेंशियल लीज हो सकता है पांच प्रतिशत और कमर्शियल 2.5 प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पहल से झारखंड के कई भागों के अलावा पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर की मुख्य समस्या खास महल लीज नवीकरण के निदान पर सरकार स्तर से अंतिम रूप दी जा रही जिसे जल्द कैबिनेट में रखा जायेगा, जो संभवत पिछला लीज से सरल होगा। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि जहां तक मुझे जानकारी मिली है रेजिडेंशियल लीज नवीनीकरण के लिए दो प्रतिशत दर से घटाकर मात्र पांच प्रतिशत करने का प्रावधान किया जा रहा और कमर्शियल लीज पांच प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत किया जा सकता। श्री शंकर ने बताया जो लोग वर्षों से लीज नहीं करा पाये उन्हें नॉमिनल फाइन का प्रावधान कर लीज नवीनीकरण करने का प्रावधान किया जा सकता है। श्री शंकर ने बताया कि खास महल लीज एक जटिल समस्या है। झारखंड बनने के उपरांत कई बार इसे सरल और सुलभ बनाने की कोशिश की गयी, परंतु अब तक ठोस निदान नहीं निकल सका, फलतः हजारों लीज नवीकरण हेतु पेंडिंग है। भूमि रहते लोग उस पर कोई कार्य नहीं कर पा रहे हैं। मंत्री राधा कृष्ण किशोर चूंकि मेदिनीनगर के रहने वाले है उन्हें लीज कि समस्या अच्छी तरह मालूम है जिसे वह अपने स्तर से बेहतर मैन्युअल लाने में लगे हैं ताकि इस नासूर का निदान हो सके। आनंद शंकर ने कहा कि जब राधा कृष्ण किशोर मंत्री बने थे उस वक्त चेंबर का प्रतिनिधि मंडल ने उनसे उनके मंत्री बनने पर बधाई देते हुए पलामू का नासूर लीज नवीनीकरण जिसे वह भली-भांति जानते थे और मंत्री बनने से पूर्व कई बार हम लोगों के साथ इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से भी मिले थे, उसे सरल और सुलह करने का अनुरोध किया था जिसे उन्होंने अपनी प्राथमिकता सूची में रख कर काम करने का आश्वस्त दिया था जो अब संभव प्रतीत हो रहा है। इस कार्य को होने से चेंबर परिवार उनका नागरिक अभिनंदन करेगा।

## छतरपुरः स्कूलों में खुलेंगी मिट्टी जांच प्रयोगशाला, बनी मिट्टी परीक्षण टीम

आजाद सिपाही संवाददाता




छतरपुर (पलामू)। कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय छतरपुर में भारत सरकार की सॉइल फर्टिलिटी योजना अंतर्गत मिट्टी जांच परीक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय के आस-पास स्थित किसानों के खेतों से मिट्टी का नमूना एकत्र कर उसका परीक्षण करना है। परीक्षण से मिट्टी में कमी वाले पोषक तत्वों की जानकारी किसानों को दी जायेगी और निदान भी बताया जायेगा। इससे न केवल मिट्टी की उत्पादक क्षमता बढ़ेगी बल्कि किसान अपने खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य जान पायेंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर मिट्टी जांच प्रयोगशाला खोलने की तैयारी सरकार कर रही है। खेत की मिट्टी की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए मिट्टी की जांच बेहद जरूरी है। जांच से यह पता चलेगा कि किस खेत में कौन-सा पोषक तत्व सामान्य स्थिति में है और किसकी कमी है। प्रयोगशाला में उपयोग होने वाली मशीनें छोटी और सॉफ्टवेयर आधारित होंगी, जो 12 पैरामीटर पर मिट्टी की जांच करने में सक्षम होंगी।

**मिट्टी नमूना प्रक्रिया :** एग्री क्लीनिक के कोऑर्डिनेटर प्रसन्न कुमार पटेल ने मिट्टी का नमूना लेने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की लगभग 50 छात्राएं, विज्ञान शिक्षक एवं नोडल अफसर गौरी तिवारी, मुदित टेरेसा बाला, सुनीता कुमारी, पूनम कुमारी, शमिता कुमारी, श्यामंता सिंह और शशांक शेखर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रांतीय खेलकूद में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

स्वर्णिम नीतीश, रजत विजेता युवराज और कांस्यधारी कार्तिक-अभिजीत ने बढ़ाया मान

विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत,अब पुर्णिया (बिहार) में क्षेत्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता



हुसैनाबाद। विद्या भारती झारखंड द्वारा नोवामुंडी (पश्चिमी सिंहभूम) में आयोजित 36वीं प्रांतीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक अर्जित किये। प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के छात्र नीतीश कुमार ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3000 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय को दो स्वर्ण पदक दिलाये। वहीं, युवराज सिंह ने लंबी कूद में रजत पदक, अभिजीत सिंह ने 5000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक तथा कार्तिक राजपूत ने गोला फेंक में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण है। हमारे छात्र भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे। वहीं शारीरिक शिक्षक अभिषेक पाठक ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि आगामी अक्टूबर माह में होने वाली क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता, पुर्णिया (बिहार) में भी हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। मौके पर शिक्षक राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, नीतीश मिश्रा, अरविंद यादव और छाया कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

## मधुपुर में झामुमो की बैठक, बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति को लेकर हुई चर्चा

मधुपुर (आजाद सिपाही)। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति के विषय पर मधुपुर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला पार्षद सदस्य फारूक अंसारी ने की। चुनाव आयोग के पत्रांक संख्या 23/BLA/2023 ERS के तहत मान्यता प्राप्त दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति की प्रक्रिया चलाई जा रही है। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शाकिर अंसारी, जिला सचिव दिनेश्वर किस्कू, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अबू तालिब अंसारी, अब्दुल मजीद, विधायक प्रतिनिधि गंगा दास, मोहम्मद अली, मुख्तार अंसारी, रामु झा एवं चिरागुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड से सभी एजेंटों के फॉर्म एकत्र किये गये और निर्देश दिया गया कि प्रत्येक एजेंट अपने-अपने बूथ से शीघ्र ही फॉर्म जमा करें, ताकि समय पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो सके। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्पष्ट किया कि पार्टी बूथ स्तर पर अपनी मजबूती को सुनिश्चित करने और निर्वाचन नामावली निरीक्षण व एजेंट नियुक्ति की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## मधुपुर का अग्निवीर सियाचिन में शहीद

गांव में पसरा मातम, सांसद-विधायक ने शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक अग्निवीर नीरज चौधरी की फाइल फोटो।

मधुपुर। मधुपुर विधानसभा के कजरा गांव निवासी अग्निवीर नीरज चौधरी लद्दाख में शहीद हो गये। नीरज के वीरगति प्राप्त होने की खबर से परिजन और गांववालों में शोक की लहर दौड़ गयी है। नीरज अविवाहित थे और ढाई साल पहले ही अग्निवीर में चयनित हुए थे। परिजन शहीद के शव का गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। नीरज के शहीद होने की खबर सुनकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव के लोग नीरज की शहादत को नमन कर रहे हैं और उनके परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। नीरज के शहीद होने पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और पूर्व मंत्री राज पलिवार ने शोक व्यक्त किया है।

सांसद निशिकांत दुबे ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा है- धरती मां का सपूत, जो सीमा पर तिरंगे की शान के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर कर दिए। वीर शहीद नीरज को नमन। राज पलिवार ने नीरज की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि नीरज की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। नीरज की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जायेगी, जिसमें उनके परिवार और क्षेत्र के लोगों को सम्मानित किया जायेगा नीरज की शहादत ने उनके परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी याद में क्षेत्र के लोग हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।

## डीडीसी ने मोहनपुर प्रखंड के रढ़िया पंचायत का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने आज मोहनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत रढ़िया का क्षेत्र भ्रमण कर जलछाजन प्रकोष्ठ, देवघर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के निरीक्षण के क्रम में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया। उप विकास आयुक्त ने प्राक्लन की विशिष्टियों के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो और लाभुकों को इसका लाभ मिले। ग्राम पंचायत कार्यालय रढ़िया के निरीक्षण के क्रम में मनरेगा के तहत संधारित सात अनिवार्य पंजीयों की जांच की गई, जो अद्यतन नहीं पायी गयी। इसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए अबिलंब पंजीयों को अद्यतन करने का निर्देश रोजगार सेवक को दिया गया।

उप विकास आयुक्त ने पंचायत भवन में आये आगंतुकों से पूछताछ कर उनको मिलने वाले लाभ एवं पंचायत में किये जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास कार्यों को सही तरीके से क्रियान्वित किया जाए और लाभुकों को इसका लाभ मिले। निरीक्षण के दौरान जिला जल छाजन प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ, संबंधित ढकअ के तकनीकी पदाधिकारी, सम्बंधित पंचायत के रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया आदि उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने कार्यों को सही तरीके से करें और योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## आदि कर्मयोगी अभियान के दूसरे दिन दिया गया प्रशिक्षण

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर में आदि कर्मयोगी अभियान के दूसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण की पद्धतियों और प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं के बारे में प्रशिक्षकों से जानकारी ली गयी। साथ ही प्रतिभागियों से कार्यशाला के माध्यम से विकसित हुई समझ के विषय में फीडबैक भी लिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को समझाया गया कि इस अभियान से जुड़कर विभिन्न विभागों के साथ सेवा का कार्य किया जा सकता है। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जनजातीय समुदायों तक सरकार की योजनाएं सही तरीके से पहुंचें और उनका असली फायदा लोगों को मिले। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय में शासन की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना है।

## एनडीडी कार्यक्रम के लिए जिलास्तरीय टीओटी का आयोजन



देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर में आगामी 15 सितंबर को होने वाले एनडीडी कार्यक्रम हेतु जिलास्तरीय टीओटी का आयोजन मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सदर अस्पताल देवघर के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज भगत ने सभी प्रतिभागियों को एनडीडी कार्यक्रम की जानकारी साझा की और इसकी ससमय रिपोर्टिंग की बात कही। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज भगत ने बताया कि 1 से 19 साल तक के बच्चों को 15 सितंबर को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर कृमि नियंत्रण की दवा खिलायी जायेगी। इसके अलावा छूटे हुए बच्चों के लिए 19 सितंबर को मॉप अप राउंड कर दवा खिलायी जायेगी। जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण सिंह ने कहा कि सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईईसी मैटेरियल और कृमि मुक्ति दवा पहुंचवाने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को एनडीडी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि एनडीडी कार्यक्रम के दौरान कैसे डेटा कलेक्ट किया जायेगा और उसकी रिपोर्टिंग कैसे की जायेगी। टीओटी कार्यक्रम में डॉ रमेश कुमार जिला आरसीएच पदाधिकारी, पोखराज कुमार डीडीएम, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, आईसीडीएस के पदाधिकारी, सीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीटीटी, पीएसआई इंडिया से प्रशांत सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों ने एनडीडी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने का आश्वासन दिया।

## छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षण सामग्री वितरित



विश्रामपुर (आजाद सिपाही) । विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वर्ड 19 के कोसियार उत्कर्मिक मध्य विद्यालय में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। पठन-पाठन सामग्री का वितरण निवर्तमान पार्षद सलिमुदिन अंसारी, प्रधानाध्यापक संजय राम व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। शिक्षण सामग्री में कॉपी-किताब, कलम, पेंसिल, रेजर, कट्टर व स्कूल बैग शामिल था। मौके पर शिक्षक जावेद हुसैन, शेख मुमताज आलम सहित कई ग्रामीण व

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं : मुखिया

तेंदूई में सरैया क्लस्टर की वार्षिक आम सभा

आजाद सिपाही संवाददाता




वार्षिक आमसभा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुरूआत करते मुखिया व अन्य।

हरिहरगंज/पलामू। पिपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदूई पंचायत सचिवालय में मंगलवार को सरैया क्लस्टर की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मुखिया उषा देवी एवं पंचायत सचिव जयप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत संपन्न कार्यों की समीक्षा की गई तथा आय-व्यय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजीविका महिला संकुल प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की क्लस्टर अध्यक्ष रेशमा सिंह गुड़िया ने की, जबकि मंच संचालन क्लस्टर कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार और बीआरपी मुरारी प्रजापति ने किया।

मुखिया उषा देवी ने अपने संबोधन में कहा कि महिला आजीविका समूहों की सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जागरूकता समाज के समग्र विकास की कुंजी है। जब महिलाएं अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगी, तभी वे अपने जीवन को सशक्त बना पाएंगी। इससे लिंग समानता को बढ़ावा मिलेगा और एक सशक्त समाज का निर्माण होगा।

कार्यक्रम में विमलेश कुमार सिंह, आईपीआर आसिफ अंसारी, सीएलएफ सचिव कलावती देवी, कोषाध्यक्ष कुशमिला देवी, प्रिया देवी, ललिता,धर्मेंद्र तिवारी, अरविंद कुमार, रूबी कुमारी, शोभा देवी, अलका, संगीता, मनीषा, रीना, सुनैना, पूजा, चंपा देवी, निखत आरा, कंचन सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जायेगा। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जनता दरबार में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया, ताकि योग्य लाभुकों का भुगतान किया जा सके और अयोग्य लाभुकों का नाम पोर्टल से हटाया जा सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। आम जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु प्रति सप्ताह मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को समाहरणालय में पूर्वाह्न 10:30 से 11:30 बजे जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त स्वयं उपस्थित रहकर लोगों की समस्यायें सुनते हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं।

## चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड और गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप गुमला में 14 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सुप्रसिद्ध चर्म, कुष्ठ, थायरॉयड व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप रविवार 14 सितम्बर को गुमला में रहेंगे। पालकोट रोड स्थित निलेश मेडिकल हॉल में प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वे रोगियों की जांच करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए निलेश मेडिकल हॉल के संचालक दिलीप निलेश ने बताया कि ससमय पहुंच कर रोगी डॉ संदीप से मिल कर रोग संबंधी परामर्श ले सकते हैं।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में रूद्रपुर की टीम जीती



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के बड़काडीह डूमरपानी में सोमवार को पटनाडाड़ मैदान में आयोजित आदिवासी फुटबॉल मैच का फाइनल हुआ। जिसमे रुद्रपुर और पतराटोली के बीच खेला गया। जिसमे रूद्रपुर की टीम पेनाल्टी शूट मे एक गोल से विजेता रहा। विजेता एवं उप विजेता टीम को खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया।इस आयोजन का सफल संचालन राजेंद्र कोरवा, सुखराम महतो, धनी नगेसिया, पितरुस तिग्गा, रंगू कोरवा, लेटन कोरवा, बीरबल नायक सहित अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर किया।

## राजकीय मध्य विद्यालय में साइकिल वितरण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के उन्नति का पहिया योजना अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय बनालात में वर्ग आठवी के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण की गयी, जिससे छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस अवसर पर छात्रों ने अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ साइकिल प्राप्त की और अपनी खुशी का इजहार किया। छात्राओं में रिद्धिमा कुमारी, रिया कुमारी और सीमा कुमारी ने कहा कि साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। वहीं, छात्रों में नीरज कुमार और मणि कुमार ने भी अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि साइकिल से उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आयेगा। प्रधानाध्यापक सुखदेव उरांव ने कहा कि साइकिल वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्रों ने साइकिल प्राप्त करने के लिए सरकार और शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त किया।

## गुमला लायंस क्लब ने बाल भारती स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने सिसई रोड स्थित बाल भारती स्कूल में शिक्षक, छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया। इस अवसर पर दो सेवानिवृत्त शिक्षक सामंत राय गोप और खृस्टीना खलखो को लायंस अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद और सचिव योगेन्द्र प्रसाद साहु द्वारा बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने उपस्थित शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक भगवान के रूप में जाने जाते हैं। उनसे हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। किसी विद्यार्थी की सफलता पर मां-बाप के अलावे कोई खुश होता है वह होता है शिक्षक। लायंस क्लब के रीजन चेयरपर्सन अशोक जायसवाल ने कहा कि शिक्षक हमारे भाग्य निर्माता हैं। जिस तरह कुम्हार मिट्टी को गोंध कर आकार का रूप देता है, उसी तरह बच्चों को योग्य एक शिक्षक ही बनाता है। सचिव योगेन्द्र प्रसाद साहु ने कहा कि डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक साधारण परिवार से थे। वे भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और देश के द्वितीय राष्ट्रपति थे। उनके शिष्यों के अनुरोध पर अपने जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। शिक्षक के कारण ही एक समाचार पत्र बेचने वाला व्यक्ति को भारत का मिसाइल मैन से जाना जाता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान और कई मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य जेम्स बारला ने कहा कि लायंस क्लब के द्वारा हमारे स्कूल में आकर जो बच्चों और शिक्षक गण को सम्मानित और प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्य कियै है भविष्य में भी इस स्कूल के प्रति अपना विश्वास बनाये रखेंगे। इस अवसर पर योगिता टोप्पो, सबनम निशा, कैथरीना टेटे, रश्मी कुमारी रेजिना केर-केट्टा, लाडली तबसुम, फ अल्पना एक्का, प्रियांशी प्रियानी, इग्नासिया तिर्की, अनंत मिश्रा, अखिलेश यादव, नितु बाखला, कृति एक्का, सदींपा तिर्की सुनीता टोप्पो के प्रति लायन्स क्लब सम्मान व्यक्त किया। लायंस महिला नेत्री ला शशिकिरण जयसवाल, सरवस्ती प्रसाद, रेणु साह ने बच्चों के बीच टॉफी वितरण कर बच्चों के साथ अपना समय बिताया।

## फादर सिप्रियन एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर में आयोजित फादर सिप्रियन एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ जिसमें संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह टूर्नामेंट बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित किया गया था जिसका सफलतापूर्वक समापन मंगलवार को हुआ। कामेर्ला असुर प्लेयर ऑफ द मैच बनी। फाइनल मैच में संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने कस्तूरबा डुमरी की टीम को पेनल्टी शूटआउट में हराकर चैंपियन बनी। विजेता और उपविजेता की टीम को पुरुष्कार में एक-एक विशाल खस्सी दिया गया। वहीं सेमीफाइनल खेलने वाली संत मारिया बालिका उच्च विद्यालय और परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय की कामेर्ला असुर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कस्तूरबा डुमरी की अनुष्का ढिढियो को बनाया गया। उन्हें उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर के संस्थापक फादर सिप्रियन एक्का के भाई थॉमस एक्का बतौर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमारी लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। वे हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही है।

# घाघरा-विशुनपुर में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन, जिलाध्यक्ष के चुनाव पर मंथन

कांग्रेस ने ही देश को आजादी दिलायी और अब कांग्रेस ही संविधान पर हमला करने वाला भाजपा से देश को बचायेगी : डॉ. रघु शर्मा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) के संगठन सृजन अभियान के तहत गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को घाघरा प्रखंड के झकड़ा कुंबा सामुदायिक भवन और विशुनपुर प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये गये। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुटे। कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और नेतृत्व चयन को लेकर अपनी राय रखी। कार्यक्रम में एआइसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सह पूर्व सांसद डॉ रघु शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, प्रदेश कांग्रेस महासचिव नेता अजयनाथ शाहदेव और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव मुख्य रूप से मौजूद रहे। डॉ शर्मा ने कहा कि कांग्रेस वह शक्ति है जो आजादी की लड़ाई से निकली और जिसने देश को लोकतंत्र, संविधान और बराबरी का अधिकार दिया। कांग्रेस ने ही देश को आजादी दिलायी और कांग्रेस ही देश को बचायेगी। आज भाजपा और आरएसएस संविधान को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। यह सिर्फ कांग्रेस का संघर्ष नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की रक्षा का संघर्ष है। कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता पाने के लिए राजनीति करती है। जबकि कांग्रेस सेवा और बलिदान की राजनीति करती है। आज नौजवान बेरोजगार हैं, किसान अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर हैं और महिलाएं असुरक्षित हैं। इनकी आवाज कांग्रेस ही उठाती है। भाजपा धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटती है। लेकिन कांग्रेस जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि गुमला का नया जिलाध्यक्ष वही बनेगा जो गांव-गांव जाकर जनता की आवाज बने और संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करे। हमें कुर्सी के भूखे लोग नहीं, बल्कि लड़ने वाले सिपाही चाहिए। यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि कांग्रेस संगठन की आत्मा का चुनाव है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश आज कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी और महंगाई ने आम आदमी को तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने हमेशा किसानों, नौजवानों और वंचितों के हक में आवाज उठायी है। हमें गुमला में ऐसा जिलाध्यक्ष चाहिए जो हर वर्ग को साथ लेकर चले और जनता की आवाज बने।

झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने कहा कि राहुल गांधी का सपना है कि कांग्रेस का संगठन परिवार की तरह काम करे। जब तक कार्यकर्ता गांव-गांव में सक्रिय नहीं होंगे, तब तक संगठन मजबूत नहीं होगा। संगठन सृजन अभियान कार्यकताओं को शक्ति देने और नेतृत्व में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने का प्रयास है।

प्रदेश महासचिव अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। आज भाजपा लोकतंत्र को खोखला कर रही है। लेकिन कांग्रेस ही वह पार्टी है जिसने हर संकट के समय देश को संभाला। यह संगठन सृजन अभियान कार्यकताओं की आवाज को जिलाध्यक्ष चयन तक पहुंचाने का ऐतिहासिक प्रयास है। हमें ऐसा नेतृत्व चुनना है जो संघर्ष के हर मोर्चे पर खड़ा हो सके। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और यदि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे तो गुमला जिला ही नहीं, पूरा देश कांग्रेस का गढ़ बन जायेगा।

## वृद्ध महिला से गहने और पर्स की छिनतई



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के दुंदरिया निवासी 60 वर्षीय शांति देवी से मंगलवार की दोपहर थाना रोड के समीप दो अज्ञात युवकों ने उनके गले का चैन, कान का टाप्स और पर्स झपटकर फरार हो गये। घटना के बाद पीड़िता ने मंगलवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। शांति देवी ने अपने आवेदन में बताया कि वह बाजार से घर लौट रही थीं। इसी दौरान थाना रोड के पास दो युवक उनके पास आये और किसी डाक्टर शीतल शर्मा के बारे में पूछने लगे। महिला ने अनभिज्ञता जतायी और कहा कि वह किसी डाक्टर को नहीं जानती। इसके बाद वह आगे बढ़ने लगीं तभी पीछे से एक युवक ने उनके गले की चैन, कान के टाप्स और हाथ में रखा पर्स झपट लिया। वह कुछ समझ पाती दोनों युवक वारदात को अंजाम देकर लोहरदगा रोड की ओर भाग गये। अचानक हुई इस घटना से शांति देवी दहशत में आ गयी। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी गयी। जिसके बाद उन्हें थाना लाकर आवेदन दिया गया।

## घाघरा ब्लॉक में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ 16 से शुरू होगा आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के बैनर तले पूर्व घोषित बैठक मंच के प्रमुख लोगों को लेकर बसंत उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की भ्रष्ट नीति के कारण ब्लॉक और अन्य सरकारी दफ्तर खरीद बिक्री का दुकान बनी हुई है, जहां आम जनता को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है बल्कि गरीबों को अबुआ आवास जैसे योजना खरीदना पड़ रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है तो प्रखंड के गांव-गांव में इस लूट व कमीशन खोरी के विरुद्ध उठ खड़ा होना होगा और शुरू की जा रही आंदोलन में आम जनता से हजारों की संख्या में भागीदारी निभाने की अपील की है। बैठक में घाघरा बैंक आफ इंडिया में खाता धारकों को हो रही भारी परेशानी को देखते हुए इस समस्या का समाधान को लेकर 8 सितंबर को प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने, घाघरा ब्लॉक में फैले भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के कारण आम जनता की लंबित काम को एकत्रित कर तथा मनरेगा और 15वीं वित्त आयोग की योजना में हो रही बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार संबंधी दी गई मांगों पर हुई कार्रवाई के बाबत जवाब लेने को लेकर 16 सितंबर को घाघरा ब्लॉक के समक्ष धरना प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरूआत करने, सितंबर माह में भ्रष्टाचार विरोधी मंच का विस्तार कर प्रखंड टीम का गठन करने के अलावे कई निर्णय लिए गये हैं।

# दस दिनों के अंदर चोरी की घटना का उद्भेदन, चार नाबालिग धराये

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय के मेन रोड में घटित चोरी की एक घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामला ये है कि मेन रोड स्थित प्रतिष्ठित लक्ष्मीनारायण रामचन्द्र हार्डवेयर दुकान के गोदाम से करीब 60 हजार रुपये मूल्य का सामान चोरी हो जाने की बात सामने आयी। घटना की शिकायत दुकान के संचालक अमित कुमार सांबू ने 31 अगस्त को गुमला थाना में दर्ज करायी थी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर तहकीकात शुरू की और सिर्फ दस दिन के भीतर ही चोरी का उद्भेदन कर दिया और चार नाबालिग चोरों को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि चोरों का कहना है कि चोरी की इस घटना को 26 से 30 अगस्त के बीच अंजाम दिया था। अमित का गोदाम धोबी मुहल्ला स्थित मंत्री वस्त्रालय के बगल में है। इसके पिछले हिस्से से एक पतली सी गली और नाली निकलती है जो रूप सुहाना सैलून के बगल से होते हुए द्वारिका के प्रतिष्ठान और दृष्टि कार्ड दुकान के सामने खुलती है। चोरों ने इसी रास्ते का इस्तेमाल चोरी के लिए किया और गोदाम का पिछला दरवाजा खोलकर चोरी को अंजाम दिया। 30 अगस्त की शाम करीब चार बजे जब कारोबारी का स्टाफ गोदाम पहुंचा तो गोदाम से वह सामान गायब मिला। जांच में सामने आया कि लगभग 40-45 नगाड़ा, 80 किलो बक्सा (पेरी) बनाने का लोहा तथा 6 बोरा रस्सी जिसका मूल्य लगभग बीस हजार रुपये है। गायब था। चोरी गये सामान की कुल कीमत करीब 60 हजार बतायी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही कारोबारी अमित कुमार सांबू ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी। इसमें अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गयी। व्यापारियों ने पुलिस की नाकामी पर सवाल उठाते हुए उन्हें चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाये गये तो आंदोलन किया जायेगा। थाना प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले कि छान बीन शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गये। संदिग्ध इलाकों में लगातार छापेमारी की गयी। पुलिस को मिले सुरागों के आधार पर सिर्फ दस दिनों के भीतर ही चोरी की गुत्थी सुलझा ली गयी। पुलिस ने चार नाबालिग चोरों को गिरफ्तार किया। जिनकी उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच बतायी जा रही है। पूछताछ में उन्होंने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। इधर गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर चोरी गया सामान मेन रोड स्थित एक दुकान से बरामद किया गया। जांच में सामने आया कि चोरों ने चोरी के बाद सामान अलग-अलग दिनों में इस दुकान में बेचा था। दुकानदार ने ढोल बनाने वाले सामानों को मात्र 200 रुपये प्रति पीस की दर से खरीद लिया था। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था और गश्ती बढ़ा दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जायेगा।

## झांगुर गुट सुप्रीमो रामदेव उरांव के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुरदरी थाना कांड संख्या 05/ 24 के आरोपी झांगुरगुट सुप्रीमो रामदेव उरांव के घर पहुंच कर ग्रामीणों के समक्ष गुरदरी पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इतिहास चिपकाते हुए उपस्थित परिजनों को निर्धारित समय पर आरोपी को न्यायालय उपस्थित कराने की बात कही है। थानेदार धीरज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी फरार चल रहा हैं और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को एसआइ शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोप के घर देवरागाणी पहुंचकर विधिवत ग्रामीणों के समक्ष इश्तिहार चिपकाया। पुलिस ने आरोपि से निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित होने की अपील की है। पुलिस का कहना है ऐसा नहीं करने पर न्यायालय के दिशा निर्देश उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

## युवक ने जान से मारने का लगाया आरोप, दिया आवेदन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मकतब मोहल्ला निवासी साहिल अंसारी ने बसिया रोड निवासी आमिर आलम एवं दाऊद अंसारी अफजल मोहल्ला निवासी के खिलाफ जान से मारने की लिखित शिकायत सिसई थाने में आवेदन किया है। आवेदन में ये भी बताया है कि दोनों आरोपियों ने मेरा इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को हैक कर लिया है जिसका शिकायत सिसई थाने में करने में जा रहा था, जो दोनों आरोपियों ने मुझे जबरन थाने के पीछे संत तुलसीदास स्कूल के पास ले जाकर मारपीट की। सर में अंदरूनी चोट लगने के कारण मैं वहीं बेहोश हो गया है मुझे आरोपियों ने मुझे मरा हुआ समझकर भाग गया। फिर लोगों ने मुझे हॉस्पिटल पहुंचाया।

## दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाये जाने को लेकर बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाये जाने को लेकर बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शहरी क्षेत्र सहित निकटवर्ती गांवों के दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा प्रतिनिधियों की बैठक श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में बड़ा दुर्गा मंदिर के पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार 'चीनी' द्वारा आगत पूजा समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए नवरात्र एवं दुर्गा पूजा के दौरान जिला, पुलिस एवं नगरीय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले मूलभूत सुविधाओं की ओर ध्यानाकृष्ट कराते हुए उपस्थित सभी पूजा समिति के पदाधिकारियों से सुझाव देने का अनुरोध किया गया। बैठक में उपस्थित लगभग सभी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बिजली, पानी की निर्बाध आपूर्ति सहित साफ -सफाई रखें जाने पर जोर दिया। शहर के मुख्य मार्गों के साथ साथ उपपथों में पेड़ की डालियां झुकी हुई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और विजया दशमी के दिन प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के दौरान काफी कठिनाई होती है। समिति के पदाधिकारियों ने पेड़ के झुकी हुई डालियों को समय से पहले कटवाने की इच्छा जाहिर की। समिति के पदाधिकारियों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा आहूत शांति समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों का सही से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की बात कही गयी। बैठक में पूजा के दौरान शहर के सभी पूजा पंडालों और निकटवर्ती गांवों के पूजा पंडालों एवं मेला में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था रखें जाने बात कही गयी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2025-26(3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में CONSTRUCTION OF AGANWADI KENDRA AT AIGU NETARHAR का कार्य। | Gr_2 | 1903700 | 38100 | 5000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.09.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.09.2025 से दिनांक 16.09.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 361399 Rural Development(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला योजना अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/02/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रु.प० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–डाढ़ा, ग्राम–पकरिया में चतरा जिला मुख्यालय स्थित पकरिया में निर्मित मॉडल वृद्धावस्था आश्रम भवन का परिसर विकास कार्य। | 12,96,500.00 | 26000.00 | 2500.00 | 03 माह | एकल |
| 2 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–डाढ़ा, ग्राम–पकरिया में चतरा जिला मुख्यालय स्थित पकरिया में निर्मित मॉडल वृद्धावस्था आश्रम भवन का मरम्मति कार्य। | 18,24,300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 3 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में बाल कल्याण समिति चतरा भवन का मरम्मति कार्य। | 18,19,900.00 | 36400.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **16.09.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक–**16.09.25** से दिनांक–**23.09.25** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **25.09.2025** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 361391 Rural Development(25-26)#D

## 12 सूत्री मांग को लेकर भाजपाइयों ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चिरकुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिन्हा के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाइयों ने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की समस्या को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य मांगे आगामी त्यौहारों को देखते हुए क्षेत्र में साफ सफाई, संपूर्ण वार्डो में लाईट की व्यवस्था,सड़क की मरमती, नियमित पेयजल आपूर्ति इत्यादि विभिन्न प्रमुख मांगों शामिल है जिसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए भाजपा नेता सह समाजसेवी दशरथ साव ने बताया कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा सभी वार्डो की साफ सफाई सभी बिजली के खंभे पे लाईट की व्यवस्था, टूटे सड़कों की मर्मती एवं तालडांगा से चिरकुंडा नदी तक सड़क के किनारे नाली का निर्माण करायी जाये क्योंकि वर्तमान में नाली का पानी सड़क पर आ रहा हैं जिससे त्यौहारों में राहगीरों को काफी परेशानी होगी जिससे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। अगर जल्द से जल्द कार्यों को पूरा नहीं किया गया तो भाजपा के एक एक कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकाल धरना पर बैठने को बाध्य होंगे। वहीं इन सारे मुद्दे पर कार्यपालक पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने बताया कि त्यौहार को ध्यान में रखते हुऐ सारे वार्डो का निरीक्षण किया जा रहा हैं कचड़ा उठाव से लेकर कचड़ा डंप करने एव स्ट्रीट लाइटे दुरुस्त की जा रही हैं संभवत: सभी मूलभूत कार्य आगामी त्यौहारों से पहले दुरुस्त हो जायेगी।

## चास निगम क्षेत्र में पेयजलापूर्ति व्यवस्था सुचारू करने को लेकर डीसी ने की बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एसबी तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर विस्तार से समीक्षा की। जिस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास द्वारा बताया गया कि सब स्टेशन का कार्य पूरा है, 33 केवी का लाइन दुग्धा से ले जाने के लिए रेलवे से एनओसी नहीं मिल रहा है, इससे परेशानी हो रही है। मौके पर ही उपायुक्त ने पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्रा से बात कर समस्या पर चर्चा की। जिस पर उन्होंने अपनी ओर से जल्द कार्रवाई की बात कहीं। बैठक में उपायुक्त ने पुनः कार्यपालक अभियंता को रेलवे पोर्टल पर आन लाइन अप्लाई करने एवं बैठक में उपस्थित रेलवे प्रतिनिधियों से दो दिनों में प्रक्रिया को पूरा करते हुए एनओसी निर्गत करने की बात कहीं। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता चास को एनओसी प्राप्त होने के साथ ही रविवार से इस दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि विजया दशमी तक हर हाल में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति सेवा सेजोड़ देना है। उपायुक्त ने कार्यरत एजेंसियों जुडको एवं अन्य को निर्देश दिया कि वह इस दौरान अब तक छूटे हुए कॉलोनियों/मोहल्लों तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा करें। बैठक में उपायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को यह सुनिश्चित करने को कहा कि गरगा नदी में शहर का गंदा पानी सीधे नहीं जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल फिल्टर और शोधन के बाद ही नदी में जल का प्रवाह हो।

## जिप चेयरमैन ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

धनबाद (**आजाद सिपाही**)। विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह ने आज स्वयं सदर अस्पताल पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन समेत अस्पताल प्रशासन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जांच के क्रम में अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। हमेशा लोगों को और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सदर अस्पताल आने के लिए प्रेरित करती रही हैं, और आज स्वयं उन्होंने यहाँ आकर इसका अनुभव किया। उन्होंने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे भी समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। उनके अनुसार, ऐसा करने से न केवल अस्पताल की व्यवस्थाओं में और सुधार होगा बल्कि आम लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## चैंबर सचिव मुकेश अग्रवाल की पत्नी का निधन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चेंबर के सचिव एवं रोटरी क्लब चास के पूर्व सचिव मुकेश अग्रवाल की धर्मपत्नी समाजसेवी रितु अग्रवाल (50 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। इस दुखद समाचार से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। रितु अग्रवाल हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही थीं। वे रोटरी क्लब चास, मारवाड़ी महिला समिति सहित कई संस्थानों से जुड़ी हुई थीं और समाजहित में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। उनके आकस्मिक निधन पर बोकारो विधायक श्वेता सिंह व भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह ने मुकेश अग्रवाल एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि समाज ने एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता खो दिया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर, सचिव श्वेता रस्तोगी, चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, सिद्धार्थ पारख, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल, श्रमिक नेता संग्राम सिंह सहित अनेक लोगों ने भी गहरा दुख प्रकट किया।

## बांधडीह रेलवे साइडिंग में अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक को मारी गोली



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह रेलवे साइडिंग में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गयी जब दो बाइक सवार अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक जादू साहिस गोली मार दी। इस घटना में गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी हरविंदर सिंह खुद मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मौ  ायां चलायी। जादू साहिस को पेट, कमर और पैर में गोली लगी है। रेलवे साइडिंग में पिछले छह महीने से बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य चल रहा था। स्थानीय लोग इस घटना को रंगदारी से भी जोड़कर देख रहे हैं। गोलीबारी की खबर फैलते ही इलाके में दहशत का माहौल है। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया। बहरहाल, चास मु. थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राजगंज के पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े गोलीबारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के चाली बंगला के समीप भारत पेट्रोलियम बीबीडी फ्यूल परिसर में सोमवार दोपहर करीब चार बजे अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की। बाइक सवार तीन युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। घटना स्थल से पुलिस ने खोखा बरामद किया है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप कारोबारी बीरबल मंडल का है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही राजगंज पुलिस, बाघमारा डीएसपी और ग्रामीण एसपी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये।

पेट्रोल पंप मैनेजर के अनुसार, काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार तीन युवक पेट्रोल पंप के सामने सर्विस रोड पर रुके। उनमें से एक युवक उतरकर सीधे ऑफिस के समीप पहुंचा और बिना कुछ कहे पेट्रोल पंप के मुख्य दरवाजे पर दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद तीसरी गोली हवा में दागी और वह युवक तुरंत बाइक पर सवार होकर साथियों संग राजगंज की ओर फरार हो गया। इस घटना मे पंप कर्मी बाल बाल बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावर बरवाअड्डा की ओर से आये थे। दिनदहाड़े हुई इस गोलीबारी से इलाके में दहशत फैल गयी है और पेट्रोल पंप कर्मी सहमे हुए हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दिया है।

# टैक्स वसूली के बाद भी बड़की सरिया नगर में फैली है गंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह/ सरिया।** बड़की सरिया नगर पंचायत क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस के नाम पर आम नागरिकों से टैक्स लिया जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत के सरिया बाजार में साफ सफाई शून्य है। नालियों का गंदा दुर्गंध पानी सड़कों पर निकल रहा है।

साथ ही चौक चौराहा पर लगे डस्टबिन लगाया गया है। उसकी साफ सफाई भी प्रतिदिन नहीं होती है। जिसके कारण आसपास के लोग कचरे को डस्टबिन के बाहर फेक रहे है। जिसके कारण दुर्गंध फैल रहा है इस बाबत सरिया बाजार निवासी संजय साव ने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद शहरी क्षेत्र के लोगो को कई तरह का टैक्स भरना पड़ रहा है तथा सुविधा शून्य है।

नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को सुविधा क्या मिल पा रहा है । किसी जनप्रतिनिधि को इसकी चिंता नहीं है। पहले अपने घरों का कचरा को अपने हिसाब से हटाते थे।

लेकिन नगर पंचायत बनने के बाद जब टैक्स भरना पड़ रहा है तो लगा अब सुविधा बहाल होगी तो टैक्स भरना मुनासिब है।

लेकिन विडंबना है कि टैक्स की दोहरी मार के बावजूद सुविधा शून्य है बरसात में कचरा जमा होना और नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण महामारी की संभावना उत्पन्न होगी ।

इसके लिये स्थानीय नेता व नगर पंचायत विभाग को समाधान करने की आवश्यकता है।

# बोकारो स्टील प्लांट में ठेकेदारों के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल में ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के महत्व को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट की एलिमेंट स्टीयरिंग कमेटी एवं कॉन्ट्रैक्टर मीट के अंतर्गत एक विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 9 सितम्बर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा किया गया जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 35 ठेकेदारों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक-प्रभारी (सुरक्षा) आनंद रौतेला, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) कुमार रजनीश, सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) श्री एडी रामटेके एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसके दत्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) कुमार रजनीश ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलायी तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि स्वयं के साथ-साथ अपने सहकर्मियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) एडी रामटेके ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान, निवारक उपाय, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग एवं सुरक्षित कार्य पद्धतियों जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम बीएसएल की ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने तथा अपने हितधारकों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर '2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 27 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से 9 सितम्बर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नये मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ साकेत मिश्रा, एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन तथा योग गुरु श्री के बी मिश्रा ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया। उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 4 के ब्रॉंच हेड दीपक कुमार लोहानी तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अनीता झा (मानव संसाधनअंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

## बाघमारा में गरमायी सियासत

# दीपक रवानी की टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ता भड़के

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** रामकनाली हादसे को लेकर सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गयी है। जेएलकेएम नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दीपक रवानी द्वारा बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो पर की गयी व्यक्तिगत और तीखी टिप्पणी ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। रवानी द्वारा विधायक को धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की कठपुतली बताने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और विधायक समर्थकों में गहरा आक्रोश है। इस पूरे प्रकरण के खिलाफ विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी की अध्यक्षता में एक आपात पत्रकार वार्ता महुदा मोड़ में मंगलवार को आयोजित की गयी, जिसमें दर्जनों भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और विधायक समर्थक मौजूद रहे। वार्ता के दौरान हिमांशु रवानी ने दीपक रवानी पर तीखा हमला बोलते हुए कहाः जनता के द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर दीपक रवानी सिर्फ सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। उनके बयान न केवल अनर्गल हैं, बल्कि क्षेत्रीय राजनीति को दूषित करने का प्रयास है।

हिमांशु रवानी ने नाम लिये बिना डुमरी विधायक पर भी तंज कसते हुए कहा किः राजनीति की पराकाष्ठा तब देखने को मिली जब एक विधायक साहब बीमार होने का दावा करते हुए गाड़ी में ही स्लाइन चढ़वाते हुए वीडियो बनाते हैं और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। ये क्या जनता की सेवा है या दिखावे की पराकाष्ठा? उन्होंने आरोप लगाया कि दीपक रवानी उसी 'रील राजनीति' की राह पर चल पड़े हैं – जैसा गुरु, वैसा चेला।

**जेएलकेएम पर गंभीर आरोपः** पत्रकार वार्ता में हिमांशु रवानी ने जेएलकेएम पर सवाल उठाया। कहा जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं। हिमांशु ने साफ कहा कि दीपक रवानी अगर वाकई समाजसेवा की भावना रखते हैं, तो पहले अपनी पार्टी को देखें। वार्ता के अंत में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहाः हम दीपक रवानी जैसे लोगों को स्पष्ट चेतावनी देते हैं कि वे हमारे विधायक के खिलाफ ओछी राजनीति और व्यक्तिगत हमलों से बाज आयें। क्षेत्र की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी

-: आम सूचना :-

खूँटी जिलान्तर्गत प्रत्येक पंचायत में पशुपालन विभाग द्वारा विशेष पशु चिकित्सा शिविर (प्रथम चरण) का आयोजन पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की बड़े स्तर पर एक साथ चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित् करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा है।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में खूँटी जिलान्तर्गत विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन की सूची निम्नवत् है:-**

| क्र0 सं0 | प्रखंड का नाम | क्र0 सं0 | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम | पदनाम | दूरभाश सं0 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | खूँटी | 1 | गुटजोरा | कपरिया | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 गीतांजली कच्छप | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, खूँटी | 8210276170 | |
| | | 2 | फूदी | डण्डोल | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 3 | मुरही | कुरकुटीया | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 4 | भण्डरा | मन्दरूटोली | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 5 | सिलादोन | चुकरू | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 6 | लान्दुप | जोजोहातु | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 7 | मारंगहादा | हितुटोला | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| | | 8 | बारूडीह | कुन्दी | 27.09.2025 28.09.2025 | | | | |
| 2 | तोरपा | 9 | डोड़मा | डोड़मा | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 सुरेश कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोड़मा | 7250379473 | |
| | | 10 | ओकड़ा | अंगराबाड़ी | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 11 | सुन्दारी | डाडटोली | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 12 | जरिया | जरिया | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 13 | दियांकेल | बड़रूटोली | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 14 | बरकुली | कजुरदाग | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 15 | तोरपा पूर्वी | बड़ाईक टोली | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| | | 16 | सहारा टोली | तोरपा पश्चिमी | 27.09.2025 28.09.2025 | | | | |
| 3 | मुरहू | 17 | मुरहू | चमरा टोली | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 विनय कुमार झा | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मुरहू | 8002684981 | |
| | | 18 | गोड़ाटोली | सुरूंदा | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 19 | गनालोया | बिरमकेल | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 20 | कोड़ाकेल | घघारी | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 21 | रूमूतकेल | कुम्हार टोली | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 22 | हास्सा | गजगांव | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 23 | कुंजला | इठे | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| | | 24 | बिचना | पाण्डु | 27.09.2025 28.09.2025 | | | | |
| 4 | अड़की | 25 | हुँठ | हेमरोम | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 ब्रजेश कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, अड़की | 9122972378 | |
| | | 26 | पुरनानगर | पुरनानगर | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 27 | सिन्दरी | बान्दु | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 28 | सोसोकुटी | खेसारीबेड़ा | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 29 | नौढ़ी | रंगामाटी | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 30 | उपरबालालौंग | जोजोहातु | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ० दीपक मैथ्यू एक्का | प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, अड़की | 8757506309 | |
| | | 31 | अड़की | लुपुंगहातु | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 32 | सरगेया | सरगेया | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 33 | बाडीनिजकेल | उलीहातु | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 34 | तोडांग | तोडांग | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 35 | तिनतिला | रागोनोए | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 ललित कुमार गागराई | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बीरबांकी | 9572339783 | |
| | | 36 | बीरबांकी | चुकलू | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 37 | मदहातु | चलकद | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 38 | कोचांग | कोचांग | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 39 | बोहण्डा | बोहण्डा | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 40 | तिरला | तिरला | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| 5 | रनिया | 41 | जयपुर | तालडा | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 अनिल कुमार नायक | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रनिया | 9608142030 | |
| | | 42 | ताम्बा | हुटुटुवा | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 43 | खटखुरा | जाममोड | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 44 | सोदे | चलंगिदा | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 45 | खटंगा | कुल्हई | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 46 | डाहु | गोहारोम | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 47 | बनई | मनहातु | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| 6 | कर्रा | 48 | कर्रा | गड़के | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 ज्ञानचन्द आर्य | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कर्रा | 7033782248 | |
| | | 49 | बमरजा | सियांकेल | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 50 | कुदलुम | दिगादोन | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 51 | डुमरगढ़ी | बुड़ीरोमा | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 52 | सुनगी | लुदरू | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 53 | जुरदाग | गनालोया | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 54 | धुनसुली | चापी | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |
| | | 55 | हाकाजांग | सिलापाट | 27.09.2025 28.09.2025 | | | | |
| | | 56 | लरता | बुड़का | 11.09.2025 12.09.2025 | डॉ0 प्रदीप कुमार | भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, गोविन्दपुर | 6201382513 | |
| | | 57 | डेहकेला | रूँजू | 13.09.2025 14.09.2025 | | | | |
| | | 58 | जरिया | मुरूचकेल | 15.09.2025 16.09.2025 | | | | |
| | | 59 | गोविन्दपुर | रेहरगाड़ा | 18.09.2025 19.09.2025 | | | | |
| | | 60 | लिमड़ा | देशवाली | 20.09.2025 21.09.2025 | | | | |
| | | 61 | बकसपुर | लापा | 23.09.2025 24.09.2025 | | | | |
| | | 62 | उड़ीकेल | कसीरा | 25.09.2025 26.09.2025 | | | | |

PR 361400 (Animal Husbandry)25-26*D

जिला पशुपालन पदाधिकारी खूँटी

## पीएम मोदी ने पंजाब और हिमाचल राज्यों का हवाई सर्वे किया, बाढ़ पीड़ितों से मिले

# पंजाब को 1600 और हिमाचल को 1500 करोड़ देने का एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पंजाब/हिमाचल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के बाद पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे किया। इसके बाद वह गुरदासपुर पहुंचे। यहां उन्होंने 19 किसानों, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम से बातचीत की। इसके बाद मंत्रियों और अधिकारियों से मीटिंग की। पीएम मोदी ने पंजाब को 1600 करोड़ रुपये देने का एलान किया। इससे पहले पीएम मोदी ने हेलिकॉप्टर से कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद कांगड़ा में आपदा को लेकर एक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हें नुकसान की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का एलान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी। मीटिंग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी मौजूद रहे। उधर पीएमओ ने एक बयान में कहा कि एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त पहले जारी की जायेगी।

प्रधानमंत्री ने मंडी, कुल्लू और चंबा जिले के 18 प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी आपबीती सुनी। उन्होंने एक साल की नितिका से भी मुलाकात की, जिसके माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आयी बाढ़ में मौत हो गयी थी। प्रधानमंत्री ने नितिका को पहले टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठा लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे क्षेत्र और लोगों को फिर से पटरी पर लाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। यह कार्य कई तरीकों से किया जायेगा, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों का जीर्णोद्धार, स्कूलों का पुनर्निर्माण, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत राहत का प्रावधान, और पशुओं के लिए मिनी किट जारी करना। नुकसान का सटीक आकलन करने और प्रभावितों तक त्वरित सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी। निर्बाध शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए, स्कूल नुकसान की सूचना दे सकेंगे और उसे जियोटैग कर सकेंगे, जिससे समग्र शिक्षा अभियान के तहत समय पर सहायता मिल सकेगी। वर्षा जल के संग्रहण और भंडारण हेतु जल संचयन हेतु पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा। इन प्रयासों से भूजल स्तर में सुधार होगा और बेहतर जल प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने नुकसान का आकलन करने के लिए हिमाचल प्रदेश का दौरा करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिये हैं। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जायेगा।







### पंजाब में हालात बेहद खराब

पंजाब के सभी 23 जिलों के 2064 गांवों बाढ़ ने आफत मचा रखी है। इस बाढ़ ने दशकों को रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां के 14 जिलों में बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 51 तक पहुंच गया है। तीन लोग लापता हैं। वहीं, फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। करीब 1.75 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर लगी फसलें नष्ट हुई हैं।

### हिमाचल प्रदेश में कमोबेश यही हालात

वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी बाढ़ से हालत अच्छे नहीं है। बादल फटने की घटना से यहां बेहद क्षति हुई है। 20 जून से सोमवार 8 सितंबर तक बादल फटने, भारी बारिश, लैंडस्लाइड के चलते करोड़ो का नुकसान हुआ है। अभी तक 370 लोगों की मौत की खबर सामने आयी है। बात पहाड़ी इलाकों की करें तो यहां करीब 165 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान गयी है। अभी भी करीब 41 लोग लापता हैं। मॉनसून की शुरुआत से ही हिमाचल प्रदेश में 136 घटनाएं लैंडस्लाइड की दर्ज की गयी हैं।

# जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत का पैमाना : सेना प्रमुख

- युद्ध 4 दिन का टेस्ट मैच नहीं, इसमें थल सेना की भूमिका हमेशा अहम रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली करेंसी या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी।

जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले महीने अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात हुई। उन्होंने भी सिर्फ जमीन के आदान-प्रदान को लेकर चर्चा की।

आर्मी चीफ की यह टिप्पणी वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के दो हफ्ते बाद आयी है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हवाई शक्ति की अहमियत बतायी थी।


इधर, सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि कुछ लोगों ने कहा कि ये तो चार दिन का टेस्ट मैच था, लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था कि ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि ये इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला।

# आत्महत्या पर बदलता दृष्टिकोण : एक नयी कथा की आवश्यकता



डॉ अमूल रंजन सिंह

आत्महत्या को लेकर समाज में लंबे समय से नकारात्मक और चुप्पीभरी धारणाएं रही हैं। इसे अक्सर व्यक्तिगत कमजोरी, असफलता या सामाजिक शर्म से जोड़ा जाता है, लेकिन अब समय है कि इस कथा को बदला जाये और आत्महत्या के मुद्दे को मानसिक स्वास्थ्य, संवेदनशीलता और सहानुभूति के दृष्टिकोण से देखा जाये।



**आत्महत्या की वास्तविकता और समाज :** भारत में हर साल लाखों लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत दुनिया में आत्महत्या की सबसे अधिक दर वाले देशों में शामिल है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में प्रतिदिन लगभग 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवा वर्ग और गृहिणियों की होती है।

अक्सर जब कोई व्यक्ति आत्महत्या करता है, तो समाज सवाल उठाता है कि उसने ऐसा क्यों किया, या क्यों वह मजबूत नहीं बना। यह दृष्टिकोण नकारात्मक है क्योंकि यह व्यक्ति की पीड़ा को नजरअंदाज करता है। आत्महत्या मानसिक स्वास्थ्य संकट का परिणाम होती है, न कि इच्छाशक्ति की कमी का।

**नयी सोच की आवश्यकता :** हमें यह समझना होगा कि आत्महत्या कभी भी अचानक लिया गया निर्णय नहीं होता। यह लंबे समय तक चली मानसिक पीड़ा, तनाव, अवसाद और अकेलेपन का परिणाम हो सकता है। अगर समाज इस दर्द को समझे और व्यक्तियों को खुलकर अपनी भावनाएँ साझा करने का वातावरण दे, तो कई ज़िंदगियां बचायी जा सकती हैं।

**नयी कथा का निर्माण करते समय हमें कुछ बातों पर जोर देना होगा :** आत्महत्या को पाप या कमजोरी कहने के बजाय इसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर स्थिति मानें। कठिनाइयों से जूझ रहे लोगों को जज करने के बजाय सहारा दें। घरों, विद्यालयों और कार्यस्थलों में बातचीत की संस्कृति बनायें, ताकि लोग अपने अहसास साझा कर सकें।

**मीडिया और भाषा की भूमिका :** मीडिया की रिपोर्टिंग शैली कथानक बदलने में महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को सनसनीखेज तरीके से पेश करने की बजाय मीडिया को रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा करनी चाहिए। इसी तरह हमारी भाषा में भी बदलाव जरूरी है। उसने हार मान ली या कमजोर साबित हुआ कहने की जगह वह मानसिक संघर्ष से गुजर रहा था कहना अधिक संवेदनशील और सटीक है। भाषा के इस छोटे-से बदलाव से समाज की सोच में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

**समाधान और आगे का रास्ता :** विद्यालयों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा शामिल की जाये। काउंसलिंग और हेल्पलाइन सेवाओं को अधिक सुलभ और सस्ती बनाया जाये। परिवार और समुदाय स्तर पर सहानुभूति और संवाद को बढ़ावा दिया जाये। आत्महत्या की घटनाओं को रोकथाम योग्य माना जाये, न कि नियति के रूप में।

**निष्कर्ष :** आत्महत्या पर नयी कथा का निर्माण तभी संभव है जब हम चुप्पी तोड़ें और इसे शर्म या कलंक से नहीं, बल्कि समझ और करुणा से देखें। यह बदलाव मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सांस्कृतिक दृष्टिकोण और भाषा की संवेदनशीलता से ही आयेगा। यदि समाज आत्महत्या को समाप्ति की कहानी मानने के बजाय सहारे और उपचार की शुरुआत समझे, तो जीवन बचाये जा सकते हैं और जीने की उमंग बनी रह सकती है।

**याद रखें :** आत्महत्या रोकी जा सकती है। मदद उपलब्ध है। अगर आप या आपका कोई परिचित आत्महत्या के विचारों से जूझ रहा है, तो तुरंत मदद लें। रिनपास का टोल-फ्री आत्महत्या रोकथाम हेल्पलाइन नंबर है: 9471136697

**(लेखक : रिनपास, रांची के निदेशक हैं)**

# लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 लोगों की मौत

- दिल्ली में 4 मंजली इमारत ढही, अहमदाबाद में दंपति की करंट से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/ लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। लद्दाख के सियाचिन में सेना के बेस कैंप में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गये। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे।

उत्तर दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में सोमवार देर रात 4 मंजिली इमारत अचानक ढह गयी। घटना के समय इमारत खाली थी, लेकिन कुछ वाहन मलबे में दब गये। गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था। रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गयी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राजस्थान में इस मानसून सीजन राज्य के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश 693.1 हुई है। 108 साल पहले 1917 में 844.2 बारिश दर्ज हुई थी। अब तक राज्य के 63% बांध फुल हो चुके हैं।



**मथुरा-वृंदावन में यमुना उफान पर, मंदिर-परिक्रमा मार्ग डूबे :** यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं। 50% इलाका बाढ़ प्रभावित है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया। वृंदावन का परिक्रमा मार्ग पूरी तरह डूब चुका है। बांके बिहारी मंदिर से यमुना की दूरी 600 मीटर है, लेकिन अब महज 100 मीटर रह गयी। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 48 जिले बाढ़ की चपेट में है।

## तख्त श्री हरिमंदिर साहिब को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना (आजाद सिपाही)।** पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आइइडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है। इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गयी। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है। धमकी देने वाले ने मेल में खुद को Vanniyar Pundai Ramadoss बताते हुए कई सनसनीखेज बातें लिखी हैं।







वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची


VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**